www.epaper.azadsipahi.in

13 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 263

झारखंड टूरिज्म का चेहरा बनेंगे धोनी






प्रधानमंत्री ने 16वें रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

# भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है युवाओं का कौशल: मोदी

- नवनियुक्त युवाओं को दी शुभकामनाएं
- अब तक 9.73 लाख लोगों को रोजगार मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेले में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कहा कि युवाओं का सामर्थ्य हमारे भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी है। हमारी सरकार इस पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही पांच देशों की यात्रा से लौटा हूं। हर देश में भारत की युवा शक्ति की गूंज सुनाई दी। इस दौरान जो भी समझौते हुए हैं, उनसे युवाओं को फायदा होना ही है। आपके विभाग अलग हैं, लेकिन ध्येय एक है। कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो, इलाका कोई भी हो, एक ही ध्येय है राष्ट्र सेवा। एक ही सूत्र है नागरिक सेवा। आपकी इस नयी यात्रा के लिए बहुत शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ये हमारे देश के नौजवानों का कमाल है। मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र को गति देने के लिए 'मिशन मेन्युफेक्चरिंग' की घोषणा की गयी है। सिर्फ पीएलआइ से 11 लाख रोजगार बने हैं। इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर का विस्तार हुआ है। 11 लाख करोड़ रुपये की इलेक्ट्रानिक मेन्युफेक्चरिंग हो रही है। पहले मोबाइल फोन मेन्युफेक्चरिंग की दो या चार यूनिट थीं। इस समय तीन सौ यूनिट हैं। इनमें लाखों युवा काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि रक्षा विनिर्माण में भी भारत नये रिकॉर्ड बना रहा है। रक्षा उत्पादन सवा लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। भारत सबसे ज्यादा लोकोमोटिव बनाने वाला देश बन गया है। कई देश में इसका निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। विश्व बैंक जैसी संस्थाएं भारत को मॉडल की तरह पेश करती हैं। भारत की कम असमानता वाले शीर्ष देशों में रखा जा रहा है।

**47 जगहों पर किया गया आयोजन:** रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया। पिछला रोजगार मेला 26 अप्रैल को हुआ था।

## रांची में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 182 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। देशव्यापी 16वें रोजगार मेला के तहत शनिवार को रांची में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सीसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, विधायक सुरेश बैठा और रांची के डीआरएम ने विभिन्न विभागों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। रांची सेंटर पर नियुक्ति पत्र लेने आये 182 अभ्यर्थियों में 25 को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस मौके पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये युवा कल के विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। यह आज मोदी जी ने करके दिखाया। उन्होंने कहा 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। इन युवाओं का सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद हस्ताक्षर करके नियुक्ति पत्र भेजा है।

# खूंटी के जिला परिषद अध्यक्ष गिरफ्तार

- मसीह गुड़िया पर महिला ने लगाया शादी कर धोखा देने का आरोप
- रांची पुलिस ने चुटिया थाना में दर्ज मामले में की कार्रवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया को शनिवार को उनके चेंबर से रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी चुटिया थाना में दर्ज एक महिला की शिकायत के आधार पर की गयी। रांची पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से जिला परिषद कार्यालय में कार्रवाई की। खूंटी के एसपी मनीष टोप्पो ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। मसीह गुड़िया के खिलाफ एक महिला ने चुटिया थाने में गंभीर आरोपों के साथ मामला दर्ज कराया था। इससे पूर्व महिला अपनी शिकायत लेकर खूंटी पुलिस के पास पहुंची थी, लेकिन मामला रांची से जुड़ा होने के कारण आवेदन को एसएसपी कार्यालय रांची भेज दिया गया। जांच के बाद पुलिस ने चुटिया थाना में एफआइआर दर्ज की और आगे की कार्रवाई की।

**महिला ने लगाये हैं गंभीर आरोप :** महिला ने एफआइआर में बताया है कि उसकी शादी सात फरवरी 2024 को दिवड़ी मंदिर में और 23 अप्रैल 2024 को रांची रजिस्ट्री ऑफिस में मसीह गुड़िया से हुई थी। पति उसे घर नहीं ले जाया। कहा गया कि सामाजिक रूप से विवाह के बाद ही ससुराल ले जायेंगे, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। महिला के अनुसार, छह जुलाई 2024 के बाद पति और उनके परिवार का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। अक्टूबर 2024 में मसीह गुड़िया ने उससे 30 लाख रुपये की मांग की। इसके बाद बातचीत बंद कर दी।

**शादी से पहले यौन शोषण और जान से मारने की धमकी का आरोप :** महिला ने दावा किया है कि शादी से पहले 23 जनवरी 2024 को मसीह गुड़िया ने कार में उसका शारीरिक शोषण किया। विवाह के दिन उसे 10 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। आरोप है कि विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर मसीह गुड़िया उसे अपशकुन कहने लगे। महिला ने अपने पति और उनके ड्राइवर पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।




बोकारो में सौ एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया


# सीआइडी ने इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में एक सौ एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में सीआइडी ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को सीआइडी की टीम ने मामले के किंगपिन इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी फर्जीवाड़ा कर दस्तावेज बना कर उक्त जमीन के हड़पने और बेचने के मामले में हुई। इस मामले की जांच और कार्रवाई सीआइडी और इडी भी कर रही है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में भी मामले की सुनवाई हो रही है। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार से जमीन के मूल दस्तावेज का रिकॉर्ड मांगा गया है। डीजीपी ने मामले की पुष्टि की है।

**जांच के लिए पहुंची थी सीआइडी की टीम :** इस जमीन घोटाले की जांच के लिए सीआइडी टीम बोकारो पहुंची थी। इस वजह से बोकारो के सफेदपोशों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। सीआइडी की टीम ने चास अंचलाधिकारी कार्यालय में बोकारो के डीएफओ रजनीश कुमार के साथ घंटों जमीन घोटालों से जुड़े कागजातों की छानबीन की थी। इस दौरान वॉल्यूम 60 से लेकर 75 नंबर तक का पेज फाड़ा हुआ पाया गया था, जिसमें चार सौ एकड़ रिहायशी जमीन का रिकॉर्ड था।

बोकारो के तेतुलिया में एक सौ एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया। आरोप है कि इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अफसरों की मिलीभगत है। इस जमीन को बोकारो स्टील प्लांट द्वारा वन विभाग को वापस किया गया था। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर इस मामले की जांच सीआइडी को सौंप दी गयी थी। सीआइडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है।







हम RSB Group (आरएसबी ग्रुप), एक पथप्रदर्शक वैश्विक इंजीनियरिंग संस्थान और भारत के प्रमुख ऑटो कंपोनेंट निर्माता हैं, जिनका कारोबार 3000 करोड़ रुपये से अधिक है और 5500 से अधिक कर्मचारियों का एक विशाल परिवार है। RSB Group (आरएसबी ग्रुप) की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए हम एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर खड़े हैं। जो एकता और अपराजेयता पर आधारित एक यात्रा है।

ये विलक्षण 50 वर्ष हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं: अभूतपूर्व नवाचार के साथ ग्राहकों को प्रत्युत्तर देना, असीम अनुकंपा के साथ हमारे समुदाय को सेवा प्रदान करना और गर्वपूर्ण रूप से राष्ट्र का निर्माण करना।

एक संस्थान के रूप में, हम भारतीय और वैश्विक ओईएम (OEMs) दोनों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रह कर प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर रहे हैं। उत्कृष्टता प्रदान करना और प्रतिमान परिवर्तन को उत्प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हमारा दृष्टिकोण है।

नवाचार को केंद्र में रखते हुए, हमने व्यापक उत्पाद डिज़ाइन, विकास और परीक्षण सुविधा का विकास किया है, जो हमें अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। हम पैसेंजर कार से ले कर कृषि, निर्माण और खनन, मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन और इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

**आरएसबी ग्रुप एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहाँ गहन प्रभाव के पीछे नवाचार प्रेरक शक्ति हो।**

RSB 50 Years of Engineering Excellence


15+ प्लांट्स | 3000+ करोड़ की आय | 5500+ कर्मचारी | 20+ उत्पाद

कॉर्पोरेट कार्यालय:
**आरएसबी ट्रान्समिशन्स (आई) लिमिटेड,** कार्यालय नंबर 201/2/3/4, पेंटागन I, दूसरी मंज़िल, मगरपट्टा सिटी, हडपसर, पुणे - 411 013, भारत | फ़ोन: +91-20-6709 2100 | ईमेल: info@rsbglobal.com
वेब: www.rsbglobal.com

अहमदाबाद विमान हादसे की 15 पेज की जांच रिपोर्ट में खुलासा

# दोनों इंजन बंद होने के कारण हुआ हादसा

- टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के फ्यूल स्विच एक-एक कर बंद हो गये
- एक पायलट ने दूसरे से पूछा, तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब मिला नहीं



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद विमान हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गयी है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक कर दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गये थे। इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गये। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है। दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों ने कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी बिंदु प्लेन में तकनीकी गड़बड़ी नहीं होने और पायलट की चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।

**पायलट ने इंजन चालू करने की कोशिश की :** रिपोर्ट के मुताबिक विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजनों को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गयी है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और तोड़फोड़ जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है।

**12 जून को हुआ था हादसा :** बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआइ 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गयी थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गयी थी, जिनमें 241 यात्री और चालक दल के सदस्य शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

## पायलटों ने कहा, बातचीत से किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचें

एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एपीएआइ) ने एजेंसी एएआइबी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि शुरुआती जांच रिपोर्ट से लग रहा है कि हादसे में पायलटों की गलती है। हम इस बात को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और सबूत आधारित जांच की मांग करते हैं। पत्र में कहा गया है हादसे के शिकार विमान के पायलटों की बातचीत से किसी निष्कर्ष पर पहुंचना अनुचित है। एपीएआइ ने कहा कि जांच रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर और जानकारी के मीडिया में लीक कर दी गयी। जांच में पारदर्शिता की कमी है। जांच की विश्वसनीयता पर सवाल है। जनता का विश्वास कम हो रहा है। योग्य, अनुभवी कर्मचारियों विशेषकर लाइन पायलटों को अभी भी जांच टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# गठबंधनों की कड़ी परीक्षा लेगा बिहार का मगध-शाहाबाद रेंज

## ■ इस अंचल की 62 विधानसभा सीटें ही तय करेंगी बिहार का सिकंदर

## ■ महागठबंधन के मजबूत गढ़ में एनडीए भी जम कर बहा रहा है पसीना

## ■ चिराग-मांझी-कुशवाहा पर बड़ा दांव खेलने की एनडीए की है तैयारी

**बिहार में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में करने की होड़ मची है। ऐसे में यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि बिहार के किस अंचल में किस तरह की सियासी हवा बह रही है। बिहार का एक महत्वपूर्ण अंचल है मगध-शाहाबाद, जो सियासी रूप से बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली है। इस अंचल में विधानसभा की 62 सीटें हैं और इसे महागठबंधन, खास कर राजद का गढ़ माना जाता है। लेकिन इस बार स्थिति एकदम बदल चुकी है। इस अंचल में एनडीए की तरफ से भी जम कर पसीना बहाया जा रहा है और चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की तिकड़ी के जरिये वह इस गढ़ को ध्वस्त करने की तैयारी में है। 2020 के चुनाव में एनडीए को इस अंचल में भारी नुकसान उठाना पड़ा था, जिससे एनडीए और महागठबंधन के बीच मुकाबला बेहद करीबी हो गया था। एनडीए के लिए शाहबाद से लेकर मगध और औरंगाबाद से लेकर बक्सर तक की सीटें जीतना आसान नहीं होगा, क्योंकि इन इलाकों में महागठबंधन मजबूत है। लेकिन एक बात तय है कि जिस गठबंधन में एकजुटता रहेगी और टिकट का बंटवारा सही तरीके से होगा, उसे इसका फायदा मिलेगा। वहीं जिस गठबंधन में दूरियां बढ़ेंगी, उसे झटका लग सकता है, क्योंकि इस इलाके की विधानसभा सीटें किसी भी गठबंधन की हार-जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। क्या है मगध-शाहाबाद अंचल का सियासी समीकरण और क्या है तैयारी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मी चरम पर है और इस बार मगध और शाहाबाद क्षेत्र की 62 सीटें सियासी रणक्षेत्र का केंद्र बन गयी हैं। बिहार की राजनीति में मगध, शाहाबाद, बक्सर, औरंगाबाद, गया और जहानाबाद के इलाके में पड़ने वाली कुल 62 विधानसभा सीटों पर इस बार की लड़ाई बेहद महत्वपूर्ण हो गयी हैं। ये वो क्षेत्र है, जहां 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए केवल तीन सीटें ही जीत पाया था, जो कि एक बड़ी हार थी। लेकिन इस बार एनडीए ने इस इलाके को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है और इन सीटों पर अपनी पूरी ताकत झोंक रहा है।

### एनडीए के लिए बड़ा चैलेंज


बक्सर, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, रोहतास, और कैमूर जैसे जिलों में फैली ये सीटें नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को इस क्षेत्र में करारी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 62 में से महज तीन सीटें ही उसके खाते में आयी थीं। इस बार बीजेपी-जेडीयू गठबंधन ने इन सीटों को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, ताकि 2020 की शर्मनाक हार का दाग धोया जा सके।

### कैसा है जातीय समीकरण

मगध और शाहाबाद क्षेत्र में दलित, कुशवाहा, यादव, और अति पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2020 में राजद-कांग्रेस-वामदल गठबंधन ने इन वर्गों के समर्थन से इस क्षेत्र में दबदबा बनाया था। खासकर भाकपा-माले ने दलित मतदाताओं को लामबंद कर कई सीटों पर कब्जा जमाया। वहीं, चिराग पासवान की तत्कालीन अलगाववादी रणनीति ने जेडीयू को भारी नुकसान पहुंचाया, जिसके चलते एनडीए का प्रदर्शन शाहाबाद में विशेष रूप से खराब रहा। इस बार चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एनडीए का हिस्सा है और उनकी मौजूदगी से गठबंधन को दलित मतों में सेंधमारी की उम्मीद है।

### चिराग, कुशवाहा और मांझी की तिकड़ी पर दांव

इस बार एनडीए ने इन 62 सीटों पर अपनी रणनीति को धार देने के लिए तीन बड़े नेताओं को मैदान में उतारा हैः चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी। इन तीनों नेताओं ने अपने-अपने प्रभाव क्षेत्रों में सक्रियता काफी बढ़ा दी है। चिराग पासवान (लोजपा-रामविलास) दलित (खासकर पासवान) मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाने में लगे हैं, जबकि उपेंद्र कुशवाहा (रालोमो) कोइरी/कुर्मी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। वहीं जीतन राम मांझी (हम) भी महादलित वर्ग के वोटों को एनडीए के पाले में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।



### सीट शेयरिंग में सामाजिक समीकरण

एनडीए ने इस क्षेत्र के लिए खास रणनीति बनायी है। जेडीयू और बीजेपी ने सीट बंटवारे में मगध-शाहाबाद की सीटों पर सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखा है। जेडीयू 102-103 और बीजेपी 101-102 सीटों पर लड़ेगी, जबकि चिराग की पार्टी को 25-28 और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को छह-सात सीटें मिलने की संभावना है। मांझी का प्रभाव गया और औरंगाबाद जैसे जिलों में मुसहर समुदाय के बीच है, जो एनडीए के लिए फायदेमंद हो सकता है। साथ ही बीजेपी कुशवाहा और क्षत्रिय मतदाताओं को साधने के लिए स्थानीय नेताओं पर दांव लगा रही है।

### महागठबंधन की भी खास है तैयारी

दूसरी ओर महागठबंधन भी इस क्षेत्र में अपनी पकड़ ढीली नहीं छोड़ना चाहता है। राजद और भाकपा-माले ने यादव और दलित वोटों को एकजुट करने की रणनीति बनायी है, जबकि कांग्रेस कुशवाहा मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में है। हालांकि महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर तनातनी की खबरें हैं, खासकर भाकपा-माले की 40 सीटों की मांग ने राजद को असमंजस में डाल दिया है। माले का इस क्षेत्र के ग्रामीण और गरीब तबके में मजबूत आधार है, खासकर जहानाबाद, अरवल और औरंगाबाद के कुछ हिस्सों में। राजद का पारंपरिक मुस्लिम-यादव समीकरण इस क्षेत्र में भी निर्णायक भूमिका निभायेगा, जबकि कांग्रेस राहुल गांधी के चेहरे और अपने पारंपरिक वोट बैंक के सहारे वापसी की उम्मीद कर रही है।

### निर्णायक होंगी जातियां: कौन पड़ेगा किस पर भारी

इन 62 सीटों पर जातिगत समीकरण ही जीत-हार का फैसला करेंगे। यहां कुछ प्रमुख जातियां और उनका संभावित प्रभाव भी परिणाम तय करेगा। इस इलाके में यादव और मुस्लिम राजद का पारंपरिक वोट बैंक है और इस क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी आबादी है। महागठबंधन की जीत में इनका एकजुट होना बेहद महत्वपूर्ण होगा। इसी तरह उपेंद्र कुशवाहा कोइरी/कुर्मी समुदाय के बड़े नेता माने जाते हैं। इनकी संख्या भी इन क्षेत्रों में काफी है और ये एनडीए के लिए महत्वपूर्ण वोट बैंक साबित हो सकते हैं। इसके बाद दलित आते हैं। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी दलित वोटों के लिए अलग-अलग दावेदार हैं। दलित वोटों का बंटवारा या किसी एक तरफ झुकाव चुनाव परिणाम पर सीधा असर डालेगा। भूमिहार और राजपूत जैसी सवर्ण जातियां पारंपरिक रूप से एनडीए के साथ खड़ी रहती हैं। इनकी एकजुटता एनडीए के लिए अहम होगी। ब्राह्मण और अन्य सवर्ण जातियों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम है, लेकिन इनका रुझान भी एनडीए के पक्ष में ही रहने की संभावना है। इसके अलावा अत्यंत पिछड़ा वर्ग है, जिसमें विभिन्न छोटी-छोटी जातियां शामिल होती हैं। ये वोट बैंक एनडीए और महागठबंधन दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण हैं और इन्हें लुभाने के लिए दोनों ही गठबंधन भरसक प्रयास करेंगे।

### किसी का भी रास्ता आसान नहीं

वास्तव में महागठबंधन और एनडीए के लिए शाहाबाद से लेकर मगध और औरंगाबाद से लेकर बक्सर तक की सीटें जीतना आसान नहीं होगा, क्योंकि इन इलाकों में अब भी संभावनाएं बहुत हैं। पिछली बार विधानसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान के अलग-अलग लड़ने के कारण वोटों का बंटवारा हुआ, जिसका बड़ा फायदा महागठबंधन को मिला था। लेकिन इस बार परिस्थितियां बदल गयी हैं और चिराग और कुशवाहा एनडीए के साथ आ गये हैं। हालांकि राजद का दावा है कि इस बार भी महागठबंधन को ही सफलता मिलेगी, क्योंकि जनता तेजस्वी यादव के 17 महीने के कार्यकाल को देख चुकी है और युवाओं को भी तेजस्वी के वादों पर भरोसा है।

---

# बाबाधाम पहुंचने के लिए 22 स्पेशल ट्रेनों की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए देवघर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु अपने-अपने राज्यों और जिलों से विभिन्न माध्यमों जैसे ट्रेन, सड़क मार्ग और हवाई जहाज के जरिए देवघर आ रहे हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या रेल मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की है।

**रेलवे की विशेष ट्रेनें और व्यवस्थाएं :** इसे ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रबंधन ने देवघर और आसपास के स्टेशनों के लिए कई विशेष ट्रेनें शुरू की हैं। देवघर रेलवे स्टेशन अभी निमार्णाधीन है, इसलिए सामान्य दिनों में यहां केवल 30 ट्रेनों का परिचालन होता है। लेकिन सावन के महीने में अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जाता है।

देवघर रेलवे स्टेशन मास्टर विभूति कुमार ने बताया कि इस वर्ष श्रावणी मेला 2025 के लिए 22 अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमें कुछ ट्रेनें साप्ताहिक हैं, तो कुछ दैनिक लोकल ट्रेनें हैं। आसनसोल रेलवे डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी विप्लव बावरी ने बताया कि न केवल आसनसोल डिवीजन, बल्कि देश के विभिन्न रेल डिवीजनों द्वारा भी देवघर के लिए ट्रेनें संचालित की जा रही हैं।



**सुल्तानगंज-देवघर रूट पर 34 ट्रेनें :** आसनसोल डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर और जसीडीह के लिए सबसे अधिक भीड़ होती है। इसलिए इस रूट पर 17 जोड़ी यानी कुल 34 ट्रेनें चलायी जा रही हैं। साथ ही, नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं ताकि यात्रियों को पर्याप्त जगह मिल सके।

**नियमित ट्रेनों के रूट में बदलाव :** जयनगर से आसनसोल जाने वाली ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन देवघर के रास्ते चलाने का निर्णय लिया गया है। रक्सौल से श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन सप्ताह में तीन दिन संचालित की जा रही है। दानापुर से साहिबगंज जाने वाली ट्रेन को सप्ताह में एक दिन देवघर के रास्ते चलाया जा रहा है। आसनसोल से पटना जाने वाली ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन देवघर के रास्ते संचालित किया जा रहा है। बरौनी से देवघर के लिए प्रतिदिन एक श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन शुरू की गयी है। जमालपुर जंक्शन से सुल्तानगंज के लिए प्रतिदिन एक ट्रेन शुरू की गयी है। जमालपुर से भागलपुर होते हुए देवघर जाने वाली ट्रेन को रविवार को भी चलाने का निर्देश दिया गया है, जो सामान्यतः सप्ताह में छह दिन चलती है। इसके अलावा, लंबी दूरी की कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किये गये हैं।

**पूर्वोत्तर राज्यों के लिए विशेष ट्रेन :** पूर्वोत्तर राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए डिब्रूगढ़ से देवघर के लिए एक विशेष ट्रेन (गाड़ी संख्या 05926) शुरू की गयी है, जो सप्ताह में चार दिन चलेगी। यह ट्रेन डिब्रूगढ़ से सुबह 9:40 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 8:30 बजे देवघर पहुंचेगी। इससे अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, असम, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी जैसे क्षेत्रों के श्रद्धालु आसानी से बाबाधाम पहुंच सकेंगे।

**जानकारी के अभाव में श्रद्धालुओं को परेशानी :** कई श्रद्धालुओं ने बताया कि रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों की शुरूआत तो की गयी है, लेकिन इसकी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। सुपौल से आये एक यात्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को यह नहीं पता कि कौन सी ट्रेन कब और किस स्टेशन से रवाना होगी। कई बार जानकारी के अभाव में श्रद्धालु देवघर स्टेशन पहुंच जाते हैं, जबकि उनकी ट्रेन जसीडीह से चलती है। रांची से आये एक यात्री ने बताया कि देवघर और जसीडीह स्टेशनों की कम दूरी के कारण कई बार लोग गलत स्टेशन पहुंच जाते हैं।

**यात्रियों की मांग: बेहतर सुविधाएं :** कुछ यात्रियों ने देवघर स्टेशन पर सुविधाओं की कमी को लेकर नाराजगी जतायी। उनका कहना था कि स्टेशन पर बैठने और आराम करने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। इस संबंध में स्टेशन मास्टर विभूति कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए दो मंजिला वेटिंग हॉल खोला गया है। साथ ही, जगह-जगह पंखे और कूलर भी लगाये गये हैं।

---

# जल छाजन योजना के कार्यान्वयन में सरकारी राशि की बंदरबांट, ग्रामीणों ने अनदेखी का लगाया आरोप

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** जल छाजन योजना से आदिम जनजाति बहुल गांव में कार्यान्वित योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने की बात सामने आयी है। जिले के लिट्टीपाड़ा ब्लॉक के तीसरो, जोरडीहा, निपानिया जैसे आदिम जनजाति और आदिवासी बहुल आबादी वाले गांव में जल छाजन योजना से लाखों लाख की स्वीकृत योजना धरातल पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। अगर इन योजनाओं की धरातलीय जांच इमानदारी से करायी जाये तो लाखों, लाख की लागत से उक्त योजनाओं के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट करने की बात सामने आ सकती है। जल छाजन की योजनाओं से जुड़े गांव के लोगों का सीधा आरोप है कि हमारे गांव में जल का स्रोत पटवन के लिए योजना धरातल पर उतारी गयी। लेकिन उन योजनाओं का वास्तविक लाभ आज हमे नहीं मिल पा रहा है। लेकिन उक्त योजनाओं से जुड़े अधिकारी, संवेदक और टेक्निकल एक्सपर्ट मालामाल हो गये। अभियंता से लेकर एजेंसी उक्त योजनाओं के नाम पर सरकारी पैसे की सिर्फ बंदरबांट करने का काम किया है। हालांकि इस बाबत जब ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता मृत्युंजय देहरी के संज्ञान में दिये जाने के बाद उन्होंने कहा कि वे दो-चार दिन पूर्व ही यहां का प्रभार ग्रहण किये हैं। उक्त मामले की जांच कर उन योजनाओं के कार्यान्वयन की दिशा में सुधार करने का काम करेंगे।



### वास्तविक लाभुकों के हितों की कर दी अनदेखी

राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल छाजन पाकुड़ में अपने उद्देश्यों से भटकती नजर आ रही है। पाकुड जिले के लिटीपाड़ा प्रखंड के तिसरो गांव में जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए जोरडीहा जल छाजन समिति द्वारा तिसरो नाला पर चेक डैम बनाया गया। ताकि पानी को रोका जा सके और इसका उपयोग नाला के आसपास के किसान अपने खेतों की सिंचाई के लिए कर सकें। लेकिन यह चेक डैम बरसात के मौसम में भी पानी को नहीं रोक पा रहा। जोरडीहा जल छाजन समिति द्वारा तिसरो नाला पर बनाये गये चेकडैम के लाभुक भादो पहाड़िया ने बताया कि हमे कब और किसके द्वारा लाभुक बनाया गया यह भी नहीं मालूम। भादो पहाड़िया सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि इस चेक डैम में पानी नही ठहर रहा है।

ग्रामीण बागा पहाड़िया, सुरजा पहाड़िया, सावला पहाड़िया, जोमे पहाड़िया सहित दर्जनों लोगों के मुताबिक जैसे-तैसे काम कराने के कारण ही इस चेकडैम का लाभ हम ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा। कमोवेश यही स्थिति निपनिया गांव में तालाब खुदाई कार्य की है। निपनिया गांव में पूर्व में खोदे गये तालाब में ही तालाब की खुदाई कर दी गयी। मिली जानकारी के मुताबिक जल छाजन योजना के तहत ग्रामीणों की आजीविका में सुधार के लिए प्रोडक्शन सीस्टम की 15 प्रतिशत राशि से बीज वितरण आदि किया जाना था इसमें भी मनमानी एव लाभुकों के हितों की अनदेखी की गेयी है। जल जल छाजन योजना के वितीय वर्ष 2023 -24 एवं 2024- 2025 तहत लिट्टीपाड़ा के आदिवासी एवं पहाड़िया गांवों में धरातल पर उतारी गयी योजनाओं की सही तरीके से जांच करायी गयी और इन योजनाओं के लाभुकों से पूछताछ की गयी तो योजना के नाम पर लूट खसोट, लाभुकों की हकमारी के चौकाने वाली बातें सामने आयेंगी।

उलेखनीय है कि जल छाजन योजना को धरातल पर उतारने उसका वास्तविक लाभ लाभुकों को मुहैया कराने, समय-समय पर योजना की प्रगति की समीक्षा करने, रिपोटिंग करने की भी जिमेदारी तय की गयी है। लेकिन इसका अनुपालन सही तरीके से नहीं किया गया। तकनीकी विशेषज्ञ चंदन गुप्ता को योजना का अनुश्रवण एव रिपोटिंग की जिमेदारी दी गयी है ताकि सही स्थान और गुणवत्तापूर्ण योजना धरातल पर उतरे। जबकि कार्य को मूर्त रूप देने के लिए कार्य एजेंसी ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल को बनाया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 °C | 23.7 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.10 बजे |



# झारखंड टूरिज्म का चेहरा बनेंगे धोनी

## खेल और पर्यटन को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार ने की माही से मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के खेल एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात की। यह सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि झारखंड में खेल और पर्यटन की नयी दिशा तय करने वाला अहम कदम माना जा रहा है। इस मुलाकात की तस्वीरें खुद मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। चर्चा ऐसी है कि महेंद्र सिंह धोनी को झारखंड टूरिज्म का ब्रांड एंबेसडर बनाया जा सकता है। यदि ऐसा होता है, तो राज्य की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। वहीं खेल के क्षेत्र में भी माही की भागीदारी से झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की तैयारी है।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि आज झारखंड के गौरव, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात हुई। इस दौरान राज्य में पर्यटन एवं खेल गतिविधियों के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखंड में खेल और पर्यटन को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में धोनी का सहयोग राज्य सरकार को प्राप्त होगा। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव निश्चित रूप से इन क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेंगे।

मालूम हो कि धोनी खुद झारखंड की माटी से निकले हैं। ऐसे में अगर वे सरकार के साथ मिलकर राज्य के युवाओं और पर्यटन को संवारने में भूमिका निभाते हैं, तो यह पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। अब देखना यह है कि इस मुलाकात के बाद क्या वाकई में धोनी झारखंड टूरिज्म का चेहरा बनेंगे और राज्य के खेल ढांचे में उनकी क्या भूमिका तय होगी।



### पलामू किला और बेतला टाइगर सफारी को मिलेगी नयी पहचान

**सुदिव्य और राधाकृष्ण किशोर की मौजूदगी में लिया गया फैसला**



रांची (आजाद सिपाही)। पर्यटन एवं वन क्षेत्रों के समग्र विकास को लेकर शनिवार को मंत्री सुदिव्य कुमार के कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति रही, वहीं पर्यटन सचिव और वन सचिव समेत संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में झारखंड के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों के संरक्षण और संवर्धन से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गयी। खासतौर पर पलामू किला के जीर्णोद्धार को लेकर आइटी एचआरडी द्वारा तैयार की गयी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर बीसीडी के माध्यम से सत्यापन कराने, एनआइपी जारी करने और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के तहत अनुभवी एजेंसियों से वेट कराकर टेंडर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड इको टूरिज्म अथॉरिटी (जेटा) की गवर्निंग और एग्जीक्यूटिव काउंसिल में आवश्यक बदलाव कर परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन का रास्ता साफ करने की सहमति बनी। बेतला नेशनल पार्क में प्रस्तावित टाइगर सफारी के लिए राजगीर मॉडल को अपनाते हुए, पहले इसे राज्य वन्यजीव बोर्ड से पारित करने और फिर केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 250 करोड़ है। इसके अलावा, कमलदह झील के सौंदर्यीकरण को लेकर अलग प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गयी, जिससे पलामू किला क्षेत्र का समग्र पर्यटन विकास संभव हो सके। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि अबुआ सरकार झारखंड के ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# राजा भैया से मिले प्रवीण सिंह



लोहरदगा निवासी झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण सिंह ने प्रतापगढ़ (यूपी) में जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात की और क्षत्रिय समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** रोग-शोक-अवसाद में क्रमशः कमी आयेगी,बुद्धि-चतुरता से विरोधियों पर विजय।

**मिथुन** विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान समारोह में 280 विद्यार्थी सम्मानित

# सम्मान सफलता की पहली सीढ़ी, अवसर को सफलता में बदलें : शिल्पी नेहा तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर में मैट्रिक और इंटर के सफल परीक्षार्थियों को भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। चान्हो प्रखंड के प्रखंड टॉपर , स्कूल टॉपर और बेहतर अंक लाने वाले 280 छात्रों को राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में ब्लाइंड स्कूल की छात्राएं भी शामिल थीं। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ये सम्मान छात्रों की सफलता की पहली सीढ़ी मात्र हैं। छात्रों को समय के महत्व को समझते हुए अवसर को सफलता में बदलने के लिए खुद को तैयार करना होगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि छात्रों को सम्मानित करने का चलन पहले शहर तक ही सीमित था , लेकिन 2005 में पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने मांडर में प्रतिभा सम्मान की शुरूआत की। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कई तरह की कठिनाइयों के बीच शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। आज राज्य के दूसरे विधानसभा क्षेत्र और प्रतिनिधियों के द्वारा मांडर की तर्ज पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी सफलता पर इतराने के बजाय इससे सीख लेकर अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर कदम बढ़ाना होगा। ये प्रतिभा सम्मान आगे भी जारी रहेगा, क्यूंकि सम्मान से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।



### कल का भविष्य हैं छात्र : बंधु तिर्की

प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सम्मान पाने वाले छात्र कल का भविष्य हैं। इनके बीच से ही कोई शिक्षक बनेगा, तो कोई आइएएस अधिकारी, कोई इंजीनियर बनेगा, तो कोई डॉक्टर। लेकिन इसके लिए सही दिशा का चयन करना जरूरी है। आज जमाना इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का है। हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट है। इसका सदुपयोग कर अपना भविष्य छात्रों को बनाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रहते हुए मांडर को कस्तूरबा गांधी विद्यालय से लेकर इंटर कॉलेज देने का काम किया। बंधु तिर्की ने कहा कि मेहनत करने वालों को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक की प्रखंड टॉपर बबली भगत, इंटर की परीक्षा में कला संकाय के प्रखंड टॉपर श्रवण कुमार , कॉमर्स संकाय में प्रखंड टॉपर सोहेब अंसारी, विज्ञान संकाय में प्रखंड टॉपर सकलेन इमरान सहित दूसरे टॉपरों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में मोहम्मद इस्तियाक , शिव उरांव, यास्मीन, दिलीप सिंह, महादेव उरांव, एतवा उरांव, मंगलेश्वर उरांव, चरवा उरांव, दिलीप राम, जुल्फेकार अंसारी, मोजिबुल्ला, अब्दुल्ला अंसारी, मोहम्मद जावेद, झरिता उरांव, प्रियंका उरांव मौजूद थीं।

# एसीबी ने 10 हजार घूस लेते राजस्व कर्मचारी को किया गिरफ्तार

सरायेकला (आजाद सिपाही)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जमीन का ऑनलाइन पंजी-2 में नाम दर्ज करने के लिए दस हजार रुपये रिश्वत लेते सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अंचल के राजस्व कर्मचारी सन्नी बर्मन को गिरफ्तार किया। एसीबी मुख्यालय के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार को जमशेदपुर एसीबी की टीम ने की है। बताया गया कि राजेश हेंब्रम की शिकायत पर एसीबी ने यह कार्रवाई की है। राजेश ने एसीबी से की शिकायत में कहा था कि उनके पिता सुकराम मांझी की खरीदी गयी जमीन जिसका खाता संख्या 38, 39,40 और 41, प्लाट संख्या 46/ए पर उसने अपना नाम ऑनलाइन पंजी-2 में दर्ज कराने के लिए अंचल कार्यालय से संपर्क किया था। राजस्व कर्मचारी सन्नी बर्मन ने इस काम के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। इस शिकायत के बाद एसबी ने मामले की जांच की। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# एसटी-एससी और ओबीसी विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सीएम की सर्वोच्च प्राथमिकता : चमरा लिंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में शनिवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने की। इस बैठक में विभागीय सचिव कृपा नंद झा, कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी सहित सभी जिलों के आइटीडीए परियोजना निदेशक और जिला कल्याण पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में मंत्री लिंडा ने कहा कि हेमंत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि जिन जिलों में छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध है, वहां लंबित भुगतान जल्द से जल्द पूरा किया जाये।



मंत्री ने पिछड़े वर्ग के छात्रों की पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर भारत सरकार से पत्राचार तेज करने के निर्देश भी विभाग को दिये ताकि विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और सभी योजनाएं तय समयसीमा में पूरी की जानी चाहिए।

## अमित अग्रवाल बने रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष, भावना तनेजा सचिव

# ड्रग्स और साइबर क्राइम पर रोक लगाने में सहयोग करे रोटरी क्लब : अनुराग गुप्ता

**रोटरी क्लब ऑफ रांची का 72वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची का 72वां अधिष्ठापन समारोह रांची के स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। समारोह में अमित अग्रवाल ने रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं भावना तनेजा ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। समारोह की शुरुआत निर्वतमान अध्यक्ष रोटेरियन गौरव बगरॉय द्वारा वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। उन्होंने क्लब द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए रोटरी मिशन के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने रोटरी क्लब को समाज में बढ़ते ड्रग्स की लत को कम करने के लिए सरकार के कार्यों में सहभागिता निभाने का सुझाव दिया। समारोह में डीजीपी ने रोटरी क्लब ऑफ रांची के मानद सदस्य के रूप में भी शपथ ली।

नये अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने रोटरी रांची के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें विश्व स्तर पर एक होकर स्वयं से ऊपर सेवा के मंत्र को अपनाना है एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सेवा प्रदान करनी है। उन्होंने वर्ष 2025-26 रांची शहर में तीन डायलिसिस मशीन, एक अफ्रेसिस मशीन एवं एक आई चेक वैन देने का निर्णय लिया। उन्होंने वर्ष 2025-26 मे शिक्षा, स्वास्थ, वातावरण, आर्थिक सुधार एवं रोटरी इमेज जैसे सभी क्षेत्रों मे काम करने का प्रण लिया है। इस वर्ष 2 नये रोटरी क्लब 3 रोटरेक्ट क्लब क्लब बनाने का संकल्प लिया। दिसंबर माह में क्लब की मेजबानी में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव समागम रांची में मनाया जायेगा।

असिस्टेंट गवर्नर हरमिंदर सिंह ने बताया रोटरी पूरे विश्व में कार्यरत है। इसकी पहल पर ही आज विश्व से पोलियो का नामोनिशान मिट गया और अब रोटरी ने संपूर्ण साक्षरता एवं सबके लिए स्वास्थ्य की ओर कदम बढ़ाया है। मुख्य अतिथि अनुराग गुप्ता एवं संपादक शाहिद पॉल ने क्लब सोवेनियर का विमोचन किया। मंच संचालन कांता मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन जोगेश गंभीर ने किया।




### नयी टीम ने पदभार ग्रहण किया

अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव भावना तनेजा, कोषाध्यक्ष लोकेश साहू, निर्वतमान अध्यक्ष गौरव बगरॉय, उपाध्यक्ष शालिनी सिंघानिया, प्रेसिडेंट इलेक्ट ललित त्रिपाठी, निदेशक डॉ. अनिल कुमार पांडेय, रमेश धरनीधारका, अजय जैन, गिरीश अग्रवाल, जसदीप सिंह, क्लब ट्रेनर राजीव मोदी और सार्जेंट रजत बहल। समारोह में भंडारी लाल, अजय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, अनिल सिंह, रेखा सिंह, राजीव मोदी, रविंद्र सिंह चड्ढा, सुमित अग्रवाल, डॉ विनय ढांढनिया, राजेशनाथ शाहदेव, संजय कश्यप, सुरेश साबू, मनोज तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, मुकेश तनेजा, प्रवीण राजगढ़िया, अजय जैन, सुमन साबू, आरएके वर्मा, प्रदीप बहल, गौरव प्रशांत, डॉ अनंत कुमार, एनके मखीजा, कांता मोदी, पवन जायसवाल, निशि जायसवाल, रश्मि अग्रवाल, अनिल पांडेय, अंशु बहल, विनोद सरावगी,श्वेता अग्रवाल, ऋचा, सुधीर मिश्रा, शशि मखीजा, राबिया पॉल, रोहन, अजय साबु, पूनम छाबड़ा, रेखा सिंह, चरणजीत वाशु, दिवेश भगत, राजकुमार अग्रवाल, रजत बहल, अंकुर अनिल, परमजीत कौर, आभा बागरॉय, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, प्रकाश सरावगी, कनिका मल्होत्रा, डॉ उदीप लाल, गुरवीर सिंह, डॉ ए सान्याल, डॉ डॉली टंडन, प्रियंका त्रिपाठी, मयार्दा गंभीर, हितेश भगत, मेघा कपूर, दीपक अग्रवाल, किशोर मंत्री, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# सिस्टम पर भारी पड़ा डीएसपी का प्राइवेट ड्राइवर


**हत्या के तीन आरोपियों को छुड़वाया, पीड़ितों को कहा कुछ भी नहीं कर पाइयेगा**

**मामला दीपाटोली इलाके में हुई युवती की हत्या का**

**30 अप्रैल को हुई थी शादी और 5 जुलाई 2025 को हो गयी मौत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कहते हैं कि अगर आपके पास मजबूत पैरवी हो तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। सिस्टम पर रांची में पदस्थापित एक डीएसपी का निजी चालक इतना भारी पड़ा कि पुलिस भी कुछ नहीं कर पायी। पैरवी इतनी मजबूत थी कि हत्या के तीन आरोपियों को छोड़ देना पड़ा। युवती के परिजन इंसाफ के लिए भटक रहे हैं लेकिन इनकी बात कोई सुनने को तैयार नहीं। 5 जुलाई को दीपाटोली इलाके की रहने वाली 26 वर्षीय अन्नू कुमारी का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया था। मायके वालों ने इस पूरे मामले पर सदर थाना में पति धर्मवीर कुमार, ससुर अवध किशोर सिंह, सास सरिता देवी, ननद दयावंती पांडेय और ननदोई राहुल कुमार पांडेय उर्फ मन्नू कुमार पांडेय (डीएसपी का निजी चालक) के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। एफआइआर में आरोप है कि दहेज के लिए अन्नू को प्रताड़ित किया जाता था। अन्नू ने अपनी मौत के कुछ दिन पहले परिवारवालों को कुछ जानकारी भी दी थी। मायके वालों को शक है कि अन्नू को पहले बुरी तरह से मारा गया फिर गला घोंट दिया गया। बाद में उसके शव को रस्सी का फंदा लटकार आत्महत्या साबित करने की कोशिश की गयी। 5 जुलाई को सदर थाना में केस संख्या 327/25 दर्ज कराया गया। पुलिस ने फौरी तौर पर अन्नू के पति, सास, ससुर और ननद को हिरासत में ले लिया। ननदोई राहुल कुमार पांडेय उर्फ मन्नू कुमार पांडेय फरार हो गया। आरोप है कि डीएसपी के चालक ने ही अपनी पत्नी दयावंती पांडेय, ससुर अवध किशोर सिंह और सास सरिता देवी को छुड़वाने का दबाव पुलिस पर बनाया। निजी चालक अपनी ससुराल में ही रहता है। मृत अन्नू के बहनोई पंकज राय जो खेलगांव इलाके में रहते हैं उनके बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिसमें आरोप है कि अन्नू हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र के अंबाजीत गांव की रहने वाली थी। उसके पिता का नाम स्व. देवदीप दास था। उसकी शादी 30 अप्रैल 2025 में चतरा के हेसातू गांव में रहने वाले पशुपालन विभाग में कार्यरत अवध किशोर सिंह के पुत्र धर्मवीर सिंह के साथ हुई थी। अवधकिशोर दीपाटोली इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। मायके वालों का कहना है कि शादी में करीब 60-70 लाख रुपये खर्च हुए थे। लड़की पर मायके से और पैसा लाने का दबाव बनाया जा रहा था। 4 जुलाई को अन्नू ने अपने बहनोई को फोन कर कहा था कि घर में तनावपूर्ण स्थिति है मुझे यहां से मां के पास पहुंचा दीजिए। अगले दिन 5 जुलाई को उसकी मौत हो गयी। पुलिस को इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद छोड़ देना पड़ा। पति धर्मवीर कुमार जेल में है। परिजन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं।



फाइल फोटो।

## नाबालिग बच्चों को बाइक चलाने ना दें : सौरभ

**सतगावां।** थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने थाना क्षेत्र के ग्रामीणों से अनुरोध किया कि नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने ना दे। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वहीं उन्होंने कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना में वृद्धि हो रही है। अभिभावकों से भी अनुरोध किया कि जो अपने नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने के लिए देते हैं उसपर रोक लगाएं, एक जिम्मेदार अभिभावक होने के नाते उन्हें भी अपने बच्चे और उसकी ड्राइविंग आदतों पर नजर रखनी चाहिए।

# बरही में सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्वाहर घाट के नजदीक शनिवार दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच हुई दर्दनाक सड़क हादसा में बाइक सवार दो नाबालिग की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सुमित कुमार प्रजापति उम्र करीब 16 वर्ष पिता स्व विजय प्रजापति बरहीडीह निवासी और सुरज कसेरा उम्र करीब 15 वर्ष पिता संतोष कसेरा बरही के अफीम कोठी निवासी के




रूप में हुई है। सुमित प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के कक्षा दसवां का छात्र था, वहीं सूरज कुमार आठवां का छात्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में दोनों नाबालिग बाइक से जा ज्वाहर घाट की और जा रहे थे। इसी क्रम में ज्वाहर घाट से पहले बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सीधा सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गयी, जिसमें दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां पहुंचकर पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इधर घटना की सूचना पाकर मृतक के स्वजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। बता दें कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत नाबालिगों का बाइक चलाना गैरकानूनी है। 16 से 18 वर्ष के नाबालिगों को केवल बिना गियर की दोपहिया वाहन चलाने का अनुमति मिलता है। वहीं नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द भी किया जा सकता है।

## गैरमजरुआ जमीन को कब्जा मुक्त कराने को लेकर सीओ को दिया आवेदन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कंडाबेर बाजार स्थित आम गैरमजरुआ जमीन को अतिक्रमण किये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन दिया है। आवेदन में ग्रामीण सीतारम साव, सुजीत कुमार मंडल, राजेश साव, बालदेव साव, दिनेश्वर साव, शिव साव, शंकर साव, गोपाल कुमार सहित आदि ने कहा है कि, गांव के ही अयोध्या प्रसाद पिता स्व सहादेव साव, द्वारा आम गैरमजरुआ जमीन को जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। जिसमें आवेध तरीके से घर बनाया जा रहा है जिसका खाता संख्या 111, प्लॉट संख्या 3634 और रकवा 5 6 डिसमिल हैं। उक्त जमीन में कंडाबेर, जमीरा, बारीयातु, बलिया बादम, इजत सिरमा, बेंगवरी केरेडारी सहित दर्जनों गांव के ग्रामीणों द्वारा साप्ताहिक बाजार के रूप में उपयोग होता आ रहा है। उक्त जमीन में बाजार दशकों पहले से लगते आ रहा है। जमीन पर अवैध कब्जा हो जाने से गांव के लोगों को बाजार आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण रोकने के लिए कई बार स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पंचायत के माध्यम से प्रयास भी किया गया। जिसके बाजूद अयोध्या प्रसाद मंडल द्वारा जनरब बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने सीओ से मामले की जांचकर उक्त गैरमजरूआ आम जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। जिसके साथ ही फिलहाल केरेडारी थाना को भी कार्य रुकवाने को लेकर आवेदन दिया गया है।

## मवेशी लदे दो पिकअप जब्त, दो गिरफ्तार

**बरही (आजाद सिपाही)।** बीते शुक्रवार को वरीय अधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19) पर बिलौतिया मोड़ के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पिकअप वाहनों में क्रूरतापूर्वक लादे जा रहे मवेशी बरामद किया और दोनों चालकों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन संख्या बीआर 03 जीसी -0732 में तीन गाय और दो बछड़ों को अमानवीय तरीके से ले जाया जा रहा था, जबकि वाहन संख्या जेएच10 सीएम-5818 में दो गाय, एक बछड़ा और एक भैंस को अमानवीय तरीके से ले जाया जा रहा था। दोनों वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया और मवेशियों को सुरक्षित सीतागढ़ स्थित पिंजरापोल सोसायटी भेज दिया गया। घटना में शामिल दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अजीत यादव, उम्र 30 वर्ष, पिता स्व. धूपनरायण यादव, ग्राम - लच्छू टोला, थाना मुफ्फसिल, जिला भोजपुर (बिहार) और शैलेश यादव, उम्र 30 वर्ष, पिता हरिश्चंद्र यादव, ग्राम बरसिंधडेरा, थाना मुफ्फसिल, जिला भोजपुर (बिहार) है। गिरफ्तार चालकों को कानूनी प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पशु क्रूरता अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी का किया भंडाफोड़

# कंटेनर से 40 लाख की शराब बरामद, ड्राइवर हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शराब तस्कर तस्करी के नये-नये उपाय इख्तियार कर रहे हैं। उत्पाद विभाग हजारीबाग ने शुक्रवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने बरही के तिलैया रोड पर एक डाक पार्सल कंटेनर को जब्त किया। उक्त कंटेनर पर डाक विभाग का लोगो लगा था, जिससे विभाग को धोखा देने का प्रयास किया गया था। जांच के दौरान कंटेनर से हरियाणा और पंजाब के लिए चिह्नित फॉर सेल इन हरियाणा पंजाब लिखी गयी 400 पेटी अवैध शराब बरामद की गयी। जिसकी बाजार में अनुमानित





कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गयी है।

इस मामले में वाहन चालक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह कंटेनर उसे रांची टोल टैक्स पर सौंपा गया था और उसे इसे पटना ले जाने के लिए कहा गया था। प्रारंभिक पूछताछ में चालक ने एक मोंटी नामक व्यक्ति का नाम उजागर किया है, जो इस पूरे तस्करी नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिवकुमार साहू ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गयी। जब वाहन को रोका गया तो चालक ने कंटेनर में मारुति गाड़ियों के पार्ट्स होने की बात कही, परंतु जब तलाशी ली गयी तो उसमें से भारी मात्रा में शराब की पेटियां मिली। श्री साहू ने बताया कि इस कार्रवाई से करीब 80 लाख रुपये की क्षति तस्करों को पहुंचाई गयी है, जिसमें 40 लाख की शराब और 40 लाख का वाहन शामिल है।

इस कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मच गया है। वहीं, पकड़े गये ड्राइवर के बयान को आधार मानें तो यह आशंका भी जताई जा रही है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में शराब खपाने की तैयारी की जा रही थी। उत्पाद विभाग अब मोंटी और उसके नेटवर्क की तलाश में जुट गयी है।

## दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने किया पौधरोपण




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारा में दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने डीवीसी सीएसआर कोनार डैम के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सैकड़ों पौधे स्कूली बच्चों के हाथों लगाये गये। ट्रस्ट के अध्यक्ष सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि पर्यावरण और मनुष्य सबों के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए कम से कम प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। स्कूल के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाये जाने से विद्यार्थियों में खुशी और उत्साह बढ़ी है। साथ ही संस्था का कार्य बच्चों को पौधा लगाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। सचिव दीपक तिवारी ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने से आने वाले भविष्य में जागरूकता बढ़ेगी। मौके पर पर्यावरण और सर्प मित्र सुरेश राम ने कहा कि अगर पर्यावरण को सही से संतुलन रखना है तो हम सभी को कम से कम 2 पौधा लगाना ही होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, शिक्षक सुशील कुमार, सिकंदर कुमार, भैंरव कुमार, रमेश कुमार, रविकांत गुप्ता, रघुनाथ मंडल, अर्जुन प्रसाद समेत समस्त स्कूली बच्चे शामिल रहे।

## बाबाधाम तक पैदल यात्रा करनेवाले युवकों का टाटीझरिया में स्वागत



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** मुरली पहाड़ धाम नापोखुर्द बडकागांव से 21 लीटर जल लेकर निकले चार श्रद्धालु युवक शनिवार को टाटीझरिया पहुंचे। जहां शिवभक्तों ने उनका जलपान और गुलाबजामुन खिलाकर भव्य स्वागत किया। नापोखुर्द बडकागांव से पैदल यात्रा कर 4 युवक श्रद्धालु कांवरिया बाबा नगरी जा रहें हैं। वह 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं। यह यात्रा नापोखुर्द बड़कागांव से शुरू होकर सुल्तानगंज होते हुए देवघर और वासुकीनाथ धाम तक जायेंगें। पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं में कृष्णा कुमार पिता दासो साव, रंजन कुमार पिता तुलसी साव, सागर कुमार पिता लालदेव साव और बबलू कुमार पिता पिंकू साव शामिल हैं। सभी श्रद्धालुओं ने 21 लीटर जल अपने कंधे पर लेकर इस कठिन यात्रा का संकल्प लिया है। युवकों ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था से नहीं, बल्कि देश और राज्य की शांति, समृद्धि और भाईचारे के लिए की जा रही है। वह भगवान शिव से प्रार्थना करेंगे कि समाज में सुख, शांति और सद्भाव बना रहे। स्थानीय लोगों ने इन श्रद्धालुओं को यात्रा पर शुभकामनाएं दीं और उनके जज्बे की सराहना की। मौके पर योधी प्रसाद यादव, मुकेश यादव, सुनिल साव, बबलू सोनी, गोपाल सिन्हा, गंगाधर मिश्रा, शंकर प्रसाद आदि शामिल रहे।

# एनटीपीसी ने तरंग आइआइटी-जेइइ और नीट कोचिंग की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को आइआइटी-जेइइ और नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग देने हेतु सीकरी साइट स्थित परिसर में तरंग आइआइटी-जेइइ और नीट कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत की गयी।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मौन प्रकाश, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल ने किया। इस अवसर पर हजारीबाग के सभी चार कोयला खनन परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी और चयनित छात्र-छात्राओं के परिजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि



इससे पहले भी एनएमएल पकरी बरवाडीह परियोजना सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रही है। पूर्व में भी पकरी बरवाडीह ने कई उल्लेखनीय सीएसआर कार्य किए हैं। जिनमें स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, जिसमें आसपास के ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और दवाइयां दी जाती है। महिला सशक्तिकरण हेतु 'सिलाई-कढ़ाई, लाह की चुड़ियां बनाना, साबुन मसाले तैयार करना, मशरूम की खेती करना जैसी कई योजनाएं चलायी जा रही है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर सशक्त बन रही है। इसके अलावा खनन और औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ढेंगा में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण जैसे डेस्क-बेंच, स्वच्छ पेयजल और शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराना जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं।

पकरी बरवाडीह द्वारा शुरू की गयी यह कोचिंग पहल न केवल शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है बल्कि यह परियोजना प्रभावित गांवों के बच्चों को नयी दिशा देने में भी सक्षम होगी। पकरी बरवाडीह के इस प्रयास से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र से कई डॉक्टर, इंजीनियर निकल सकते हैं जो आसपास के क्षेत्रों के साथ देश निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**सतगावां(आजाद सिपाही)।** शनिवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक शिक्षक और दो युवकों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायलों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गलवाती के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुधांशु सिंह चौधरी उम्र 46 वर्ष, मोहम्मद शाहिद अंसारी 20 वर्ष पिता जहारिन अंसारी, मुनतहा आलम 16 वर्ष पिता मोहम्मद तबरेज आलम दोनों ग्राम देबोडीह निवासी शामिल हैं। मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। शिक्षक सुधांशु सिंह चौधरी ग्राम पचमौह में किराया के मकान में रहते है जो सुबह विद्यालय गलवाती मोटरसाइकिल पैशन प्रो जे एच09 के 7388 से बासोडीह की ओर जा रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट बी आर 01 जे 8999 से सुधांशु कुमार की मोटरसाइकिल में टक्कर हो गयी जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों लड़के भी गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की और सहयोगी शिक्षक की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया गया।

## दिवंगत मिथिलेश सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वामपंथी आंदोलन के समर्पित योद्धा दिवंगत कामरेड मिथिलेश सिंह के पार्थिव शरीर पर अनेक साथियों और सहयोगियों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। सीपीआइ के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद कामरेड भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, एडवोकेट शंभू कुमार, ए.के. आर्य, राजेश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय कामरेड मिथिलेश सिंह के आवास पर पहुंचकर पुष्पचक्र और माल्यार्पण कर उन्हें अंतिम विदाई दी। भूवनेश्वर मेहता ने कहा कि कामरेड मिथिलेश सिंह न केवल एक सच्चे जननेता थे, बल्कि उन्होंने जीवनभर शोषितों, वंचितों और श्रमिक वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका योगदान हमेशा स्मरणीय और प्रेरणादायक रहेगा। सभा में उपस्थित सभी साथियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## डीसी ने नगर पंचायत कोडरमा और डोमचांच के कार्यों की समीक्षा की



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय एवं नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निदेशों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की एवं लंबित योजनाओं, मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर क्षेत्र में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सभी खराब स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत कर प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाई जाए। राजस्व संग्रहण एवं व्यय का संक्षिप्त एवं स्पष्ट विवरण प्रस्तुत किया जाए। सभी वार्डों और प्रमुख चौक-चौराहों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, जलजमाव के निकासी एवं नालियों में रोजाना ब्लिचिंग का छिड़काव करने का निर्देश दिया। फुटकर विक्रेताओं के लिए उचित वेंडिंग जोन तैयार किया जाए। खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कर पेयजल सुविधा सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कार्यालय के सभी अभिलेखों का सुनियोजित संधारण किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गृह प्रवेश कराया जाए। आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए छोटी-छोटी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शंभू प्रसाद कुशवाहा, सभी संबंधित कृमि व अन्य उपस्थित रहे।

## पंचायत के विकास के लिए राशि उपलब्ध कराये सरकार : विजय



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही मुखिया संघ अध्यक्ष ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विकास के मद में सभी ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री से कहा कि पिछले डेढ़ साल से 15 वें वित्त मद से राशि नहीं मिलने से पंचायत स्तर पर विकास कार्य ठप है। सरकार द्वारा राशि नहीं भेजे जाने पर पंचायत स्तर की बुनियादी सुविधाएं के विस्तार पर व्यापक असर पड़ा है। कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया का अधिकार भी छीना जा रहा है। मुखिया को चेक के जरिए फिर से भुगतान करने व दो स्तर पर राशि खर्च करने का अधिकार देने की मांग भी सरकार से की है। बता दें जी धनराशि के अभाव में, मुखिया अपने क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्य जैसे कि सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित परियोजनाएं शुरू करने में असमर्थ हैं।

# कांड़तरी और सांढ में हाथियों ने 27 लाख रुपये की फसलों को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के सीकरी जंगल से हाथी लौटकर कांड़तरी पंचायत और सांढ पंचायत के विभिन्न गांव में 11 और 12 जुलाई को उत्पात मचाया। सांढ में हाथी दिन में भी उत्पात मचाया। ग्रामीणों का कहना है कि सीकरी जंगल में हाथियों को गन्ना, मकई और धान का बिचड़ा नहीं मिला तो, जंगल से लौटकर गांव की ओर आ गये।

ग्रामीणों ने बताया कि अब तक कांड़तरी और सांढ पंचायत में लगभग 27 लाख रुपए का फसल व सिंचाई के साधनों और घरों को नुकसान किया है। ग्रामीण के अनुसार 25 हाथी और दो बच्चे झुंड में शामिल ये सभी हाथी 18 दिनों से बड़कागांव में कहर बरपा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में हाथी उत्पात मचाते हैं, उन क्षेत्रों के लोग रात



भर जागकर परेशान रहते हैं। ग्रामीण अपनी जान माल की सुरक्षा करने को लेकर वे काफी चिंतित रहते हैं। वन विभाग की टीम के साथ हाथियों को भगाने में सहयोग करते हैं।

**कांड़तरी में 15 लाख का सोलर प्लेट व 10 लाख फसल नष्ट :** उप प्रमुख वचन देव कुमार और कृषक धर्मनाथ कुमार ने बताया चंद्रदेव महतो, जनोधर महतो, टेकलाल कुमार, ननकू महतो, रणधीर कुमार के खेत में लगे सोलर प्लेट और बोरिंग को हाथियों ने नष्ट कर दिया। जिनका कीमत कम से कम 15 लाख से काम नहीं होगा। इसके अलावा तपेंद्र कुमार का 10 किलो का धान का बिचड़ा, ईश्वरी महतो का 5 कट्ठा में लगा भिंडी, दिगंबर कुमार के पांच कट्ठा में मक्का, 5 कट्ठा में गन्ना, नष्ट कर दिया।

कांड़तरी में धान का बिचड़ा, मक्का, गन्ना, ओल, भिंडी, कच्चू, मिर्च, बोदी, मिर्च, टमाटर लगभग 10 लख रुपये नुकसान हुआ है। कांड़तरी और सांढ में हाथियों को भागने में उप प्रमुख वचन देव कुमार, सांढ के पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, ओम प्रकाश कुमार, लखन कुमार, रंजन, शंकर महतो, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र कुमार, किशोर कुमार, विक्रम कुमार और कांड़तरी में रामविलास महतो, बबलू कुमार, गौतम कुमार, आशीष कुमार, चर्तभुज महतो, तुलेश्वर महतो ने मुख्य भूमिका निभाई।

सांढ पंचायत में नुकसान

सांढ में पप्पू कुमार, खिरोधर महतो, रामू महतो, बिरसा महतो, प्रेम कुमार, गणेश महतो हुसैनी महतो, संतोष महतो के खेत में मकई और गन्ना की फसल को नष्ट किया। जिससे लगभग दो लाख रुपये के नुकसान माना जा रहा है।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार ग्राम माधोपुर में मारपीट के दौरान पेट में चाकू लगे युवक को इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक माधोपुर निवासी सनुज पांडेय (20, पिता स्व सुरेश पांडेय) गत 4 जुलाई की रात गांव के ही रिश्ता में चाचा अनिल पांडे के साथ पुरानी रंजिश में हुए विवाद और मारपीट के दौरान पेट में चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। कोडरमा से रांची रिम्स में इलाज के दौरान 7 दिनों बाद मौत हो गयी। इस मामले को लेकर मृतक के भाई अनुज पांडेय के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया जिसमें पुलिस ने एक व्यक्ति सुनील यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फिलहाल अन्य आरोपी पुलिस के पहुंच से बाहर हैं।

## इ रिक्शा के पलटने से तीन लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के चंद्रोडीह पुल के समीप शनिवार को एक ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से उस पर सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान हैदराबाद निवासी सम्मक्का देवी उम्र 50 वर्ष, लक्ष्मी भाजय उम्र 18 वर्ष और सनारस्मा उम्र 45 वर्ष शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह 10 बजे ई-रिक्शा पर सवार होकर सभी लोग पथलडीहा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान ई-रिक्शा दुर्धनाग्रस्त हो गयी।

## कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन




**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** जीएम महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव एवं प्राचार्य ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभु कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को अपने भविष्य के प्रति अभी से तैयारी पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और अपने जीवन का लक्ष्य का चुनाव कर उसे प्राप्त करने के लिए जुट जाना चाहिए। महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने कहा कि छात्र अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कैरियर मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री ओम 2021 बैच के सिविल सेवा में सफल अधिकारी उपस्थित थे। श्री ओम ने छात्रों को अपने करियर निर्माण के लिए सजग रहने पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से तैयारी कर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने मेडल दे कर सम्मानित किया। मौके पर विनय कुमार मेहता, उमेश ठाकुर, रेयाज अहमद, कुंदन शशि शर्मा, कृष्ण कुमार, आशीष पाण्डे मनोज कुमार राणा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## महिला ने फिल्मी अंदाज में मोबाइल से बात करते हुए खाया जहर, मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बोधाडीह गांव निवासी रिंकू प्रसाद गुप्ता की पत्नी सोनी देवी ने सल्फास की गोली खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मृतका महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य थी। वह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चतरा आई थी। इस दौरान कुंदा निवासी बबलू साव पिता कन्हैया साव के साथ रिंकू प्रसाद गुप्ता की पत्नी मृतका सोनी देवी के साथ फोटो वायरल हो गया। इस मामले की जानकारी होते ही कुंदा पंचायत के मुखिया मनोज गुप्ता ने मृतका के पति से संपर्क कर इस मामले को समझा- बुझाकर कर शांत करा दिया था। आज शनिवार को सुबह लगभग 9 बजे अचानक सदर टीओपी 1 के समीप रौशन होटल के बाहर मृतका सोनी कुमारी अपने पति रिंकू गुप्ता से चीख चीख कर बात कर रही थी कि मै जहर खा ली हूं। जाओ अब तुम्हें जो करना है सो करो। इसी बीच वह होटल के बाहर प्लेटफार्म पर गिर पड़ी। आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना सदर थाना को दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंचकर महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। अपनी पत्नी के जहर खाने की सूचना मिलते ही पति रिंकू गुप्ता कुंदा से चतरा सदर अस्पताल पहुंच कर बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग ले गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में छड़वा डैम के समीप उसने दम तोड़ दिया। **प्रेम प्रसंग में हुई मौत:** रिंकू गुप्ता बोधाडीह गांव का रहने वाला है। दोनों पति - पत्नी साथ में मिलकर कुंदा चौक में होटल चलाते थे और दूकान दूकान से लगभग दो किलोमीटर दूर मांझीपारा गांव में अपना मकान बना कर रह रहे थे। बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना के पोखरपुर गांव निवासी गंगा साव की पुत्री मृतका सोनी की शादी वर्ष 2009 में हिंदू रीति रिवाज से कुंदा थाना क्षेत्र के बोधाडीह गांव निवासी रिंकू प्रसाद गुप्ता के साथ हुआ था। इनके चार बच्चे है। जिसमें दो लड़का और दो लड़की है। बड़ी बेटी 15 वर्ष, बेटा 13 वर्ष, छोटी बेटी 10 वर्ष, छोटा बेटा 7 वर्ष का है।

## जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों को लेकर शनिवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली। इस दौरान उन्होंने जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें तत्काल हैंडोवर करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी में वर्तमान में जल जीवन मिशन के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जल्द से जल्द योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश। जल जीवन मिशन के सफल संचालन के लिए बैठक के दौरान डीसी ने ग्राम जल स्वच्छता समिति की नियमित बैठक आयोजित करने और उनके माध्यम से विभिन्न कार्य किये जाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिन प्रखंडों में अब तक प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नहीं किया गया है, उनमें जल्द से जल्द कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण अंतर्गत सिटिजन फीडबैक के प्रति आम जनों को विभिन्न माध्यम से जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## सीसीएल डीडीएमएस ने करमा खदान का किया निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मुख्यालय (रांची जोन) के डीएमएस अजीत कुमार और डीडीएमएस हनुमंत राव ने दूसरी बार सीसीएल करमा कोलियरी के खदान में हुए घटनास्थल का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने करमा कोलियरी के पीओ रामेश्वर मुंडा से कोलियरी में घटित घटना बाद कोल माइन्स एक्ट के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारियां लेते हुए सुरक्षा इंतजाम पर चर्चा की। साथ ही, प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों के खदान में बेवजह प्रवेश पर रोक को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान, सीमांकन क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधित बोर्ड को देख काफी संतुष्ट दिखे। वहीं, अधिकारियों ने प्रबंधन को खदान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, व्यू प्वाईंट से खुली खदान का जायजा के बाद डीएमएस अजीत कुमार ने कहा कि हमलोगों का इंक्वाईरी जारी है। आगे कार्य प्रक्रिया को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है। मौके पर पीओ रामेश्वर मुंडा, कोलियरी मैनेजर संजय सिंह, क्षेत्रीय सेफ्टी ऑफिसर राजू रविदास समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

# मांडू पुलिस ने दो अपराधियों को दबोचा, एक जेपीसी का पूर्व सदस्य

**अपराधियों के पास से एक देशी पिस्टल, कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र के नोनियाबेड़ा जंगल में दो संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घूम रहे थे। मामले की सत्यापन के बाद एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीका से मांडू थाना क्षेत्र के नोनियाबेड़ा जंगल में अलग-अलग टीम बनाकर छापामारी किया गया। इस दौरान दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे और उसे खदेड़कर पकड़ा गया। उक्त बातों की जानकारी शनिवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी।

**तलाशी के दौरान देसी पिस्टल, कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद :** एसपी ने बताया कि पकड़े गये दोनों अपराधियों के पास से तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल, एक कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया। नाम पता पूछताछ में दोनों ने बताया कि राजेश गंझू पूर्व में झारखंड प्रस्तुत कमेटी का सदस्य था और पूर्व में जेल गया था। वहीं, फुलेंद्र गंझू एवं अन्य लड़कों के साथ जुड़कर केरेडारी क्षेत्र में अपराधी घटना को अनजान देने की योजना थी। उनके द्वारा पूर्व में कई घटनाओं का अंजाम दिया गया है। इन लोगों के द्वारा किसी एक बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी।

अपराधियों कर रहा है इतिहास एसपी अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों का इतिहास रहा है इन लोगों के खिलाफ टंडवा थाना कांड संख्या 183/21, केरेडारी थाना कांड संख्या 136/21, सीएल एक्ट के तहत मामले दर्ज है।

**छापामारी टीम में ये थे शामिल :** छापामारी टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक रजत कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सहित रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया तीज मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में शनिवार को मेन रोड स्थित जैन भवन में तीज मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक ममता देवी ने भगवान गणेश के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने मारवाड़ी महिला समिति के कार्यों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन कर मारवाड़ी महिला समिति महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। मारवाड़ी महिला समिति सदैव नारी सशक्तिकरण के लिए प्रत्यनशील रहती है।

**तीज, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए मेला का किया गया आयोजनः** मेला के आयोजन की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि मेला का आयोजन तीज, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए किया गया है। मौके पर समति के सचिव रिद्धि जैन, अरूणा जैन, पुष्पा अग्रवाल, गरीमा अग्रवाल, सुधा गोयल, पुष्पा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, स्वाति पंसारी, रेणु मित्तल, श्वेता बगड़िया, नैना मेवाड़, सिम्पल बरेलिया, मीनू मोदी, प्रिया अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, नम्रता जैन, आशा जाजू सहित मारवाड़ी महिला समिति के कई सदस्य शामिल थे। कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, गगन करमाली, भरत महतो, गौरीशंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन, दवाइयां बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़-बरकाकाना मार्ग के फ्लाईओवर के नीचे व हरहरी नदी के पास प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन व अन्य दवाईयां बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मौके पर ही पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन, टैंबलेट व अन्य प्रतिबंधित नशीली दवाईंयां बरामद करते हुए सात युवकों को गिरफ़्तार किया है। पकड़ाये नशे के कारोबारियों के पास से प्रतिबंधित पेंटाजोसीन लेकटेट इंजेक्शन, रिडौफ इंजेक्शन, इन्सुलीन सिरिंज, सहित कई अन्य तरह के नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। उक्त मामले की जानकारी शनिवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का भंडाभोड़ किया। एसपी ने बताया कि पकड़ाए युवकों से पूछताछ करने पता चला कि ये लोग कई वर्षों से लगातार नशा का इंजेक्शन एवं दवा का अवैध कारोबार कोयलांचल सहित पूरे जिले में चला रहे हैं। स्कूल-कालेज में पढ़ने वाले छात्रों व नवयुवकों को नशीला इंजेक्शन, टेबलेट का आदत लगाकर उसे नशा का आदि बना देते है। इसके बाद नशा का इंजेक्शन और टैबलेट का मुंह मांगी कीमत वसूलते है। करीब 8 रुपये के नशीली इंजेक्शन को ये सिरिंज के साथ 100-150 रुपये में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते है। एसपी ने बताया कि इस धंधे में सभी लोग नशा का इंजेक्शन एवं दवा एक दूसरे को देने के लिए फलाइओवर के नीचे हरहरी नदी पुल के पास इक्टट्टा हुए थे। एसपी ने बताया कि पकड़ाए व मौके पर भागने वाले युवक पूर्व में भी नशीला इंजेक्शन बेचने के आरोप में जेल जा चुके है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तारी आरोपितों में मुस्ताक अली आजाद मुहल्ला, जामा मस्जिद के सामने बरकाकाना, सन्नी राम व विक्की राम कोइरी टोला रविदास मुहल्ला रामगढ़, सोनू राम पारसोतिया, रामगढ़, राकेश यादव पुरनी मंडप, गोलपार, राहुल सोनी न्यू कालोनी पुरनी मंडप व विपिन कुमार सिंह तिरंगा चौक, पुरनी मंडप गोलपार रामगढ़ शामिल है। एसपी ने बताया की मामले में रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# डीजल चोर का पीछा करने के दौरान कंटेनर की चपेट में आये पुलिस जवान की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** हजारीबाग जिला के चरही ओपी मे पदस्थापित एक जवान को शुक्रवार की देर रात्रि दो बजे डीजल चोर का पीछा करने के दौरान सड़क दुर्घटना मे अपनी जान गंवानी पड़ गयी। घटना मांडू चट्टी पंचायत भवन के समीप बलसगरा मोड़ पर देर रात की है। जिसमे एक कंटेनर पलट जाने से चरही पुलिस के एक जवान की मौत हो गयी। मौके पर मौजूद मांडू पुलिस नें कड़ी मशक्कत से वाहन के नीचे दबे मृतक के शव को बाहर निकाला। और मांडू पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। जबकि कंटेनर व डीजल चोरी मे उपयोग कर रहे ट्रक संख्या जेएच 09एसी/5262 में लदे ड्रम व पाइप को जब्त कर थाना ले आयी।

**क्या है मामला**

चरही पुलिस के गश्ती दल को शुक्रवार की रात करीब दो बजे 15 माइल के समीप एक ट्रक के समीप तीन चार संदिघ लोगो पर नजर पड़ी। तों देखा डीजल चोरी मे प्रयुक्त किये जाने वाले सामन ट्रक पर लोड है,और डीजल चोर गिरोह डीजल चोरी कर रहा है। इसी बीच पुलिस को अपनी ओर आता देख डीजल चोर अपने वाहन को लेकर रामगढ़ की ओर भागने लगे। जिसके बाद गश्ती दल मे शामिल पुलिस कर्मी ने मांडू थाना को सूचना दिया। जिसके बाद डीजल चोर पुलिस को चकमा देने को लेकर अपना वाहन बलसगरा मोड़ की ओर मोड़ दिया।लेकिन तेज गति होने के कारण ट्रक डिवाइडर से टकराकर फंस गया। ट्रक को फंसता देख डीजल चोर अपना वाहन छोड़कर गरगाली मार्ग की ओर भागने लगा। जिसे देख गश्त में शामिल चरही पुलिस के जवान चोर को पकड़ने के सड़क पार कर रहे थे, तभी हजारीबाग की ओर से तेज गति से आ रहे कंटेनर संख्या एचआर 55 एडब्लू/ 8289 ने पुलिस जवान रामाशंकर पांडेय को अपने चपेट में लेते हुए सड़क पर पलट गया। जिससे जवान काफी देर तक वाहन के नीचे दबा रहा।जिसके बाद मांडू पुलिस नें क्रेन के सहारे पलटे कन्टेनर को खड़ा कर जवान को बाहर निकाला।लेकिन तब तक जवान की मौत हो चुकी थी। घटना मे मृतक का एक हाथ शरीर से अलग हो गया था। मृतक रामाशंकर पांडेय हजारीबाग पुलिस जिला बल का जवान था।जो वर्तमान मे चरही ओपी मे पदस्थापित था।रामाशंकर पांडेय ग्राम टोना थाना विश्रामपुर जिला पलामू के मूल निवासी थे।

## टंडवा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के आरा गांव में शनिवार को ग्राम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ नीरज कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र के कुल 125 रोगियों की जांच की गयी, जिनमें मुख्यतः उच्च रक्तचाप, एनीमिया, त्वचा रोग आदि पाये गये। जिनके लिए नि:शुल्क दवाएं और उचित परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान 120 किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन और 50 जरूरतमंद महिलाओं को पोषण आहार की टोकरियां वितरित की गयी।

## असम ऊर्जा विभाग की टीम पहुंची पतरातू



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** असम राज्य के ऊर्जा विभाग की टीम शनिवार को पतरातू पहुंची। यहां पहुंच कर लेक रिसॉर्ट के सरोवर विहार में जेवीवीएनएल और जेवीएसएनएल के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। इसके बाद निर्माणाधीन पीवीयूएनएल प्लांट और पतरातू कटिया ग्रिड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहां की ऊर्जा उत्पादन और व्यवस्था को देखा। साथ ही झारखंड में ऊर्जा उत्पादन और ऊर्जा व्यवस्था को लेकर क्या-क्या प्रयास और किया जा रहा है इसके बारे में जानकारी ली। इस दौरान असम के विधायक शिव मणि बोरा ने कहा कि 2035 तक झारखंड ऊर्जा उत्पादन के मामले में समृद्ध हो जायेगा। इससे असम सरकार भी बिजली लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टीम झारखंड के कई बिजली उत्पादन केंद्रों का जायजा ले चुके हैं। ताकि असम में भी इस तरह का पावार प्लांट का निर्माण किया जा सके। साथ ही पतरातू डैम, गेतलसूद डैम का भी जायजा लिया है। मौके पर असम के विधायक शिवमणि बोरा पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के अध्यक्ष रमेंद्र नायण कलीटा कोलीता, जेवीवीएनएल के महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह, जेयूएसएनएल के महाप्रबंधक राज लाल पासवान, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर प्रवीण कुमार,अधीक्षण अभियंता सकला हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता नवलेश कुमार, सहायक विद्युत अभियंता रोहिताश कुमार, रविकांत कुमार आदि शामिल थे।

## भूमि विवाद में खूनी संघर्ष, दर्जनों घायल






**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोसो खुर्द गांव में शनिवार को भूमि विवाद में जमकर खुनी संघर्ष हुआ। जिसके कारण दोनों पक्षो से दर्जनों महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि पहले पक्ष के ननकू महतो खेत में धान बीज बोने का काम कर रहा था। इसका विरोध दूसरे पक्ष के मुरली महतो ने किया। दोनों का विवाद देखकर दोनों पक्ष के सैकड़ो लोग पहुंचे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि खेत रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। खेत में रखे कुदली, लाठी और डंडे से एक दूसरे पर वार किया गया। जिसके पहले पक्ष के जयमनी देवी पति मनसु महतो, मनसु महतो पिता किष्टो महतो, ढकनी देवी पति स्व तुलसी महतो, मुकेश महतो पिता नेपाल महतो, छोटेलाल कुमार पिता स्व तुलसी महतो वही दूसरे पक्ष के सोहरू महतो पिता महंगू महतो, भगीरथ महतो पिता सोहरण महतो, रायमणि देवी पति बहरण महतो, विमला देवी पति दुर्गाचरण महतो, पुष्पा देवी पति पंकज महतो, मुरली महतो पिता स्व फागु महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर पहले पक्ष ने थाना में आवेदन देकर खेत में काम करने के दौरान मारपीट का आरोप लगाया है। कहा है कि सोसो खुर्द के खाता 01 प्लॉट 409 मध्ये 85 डिसमिल भूमि 1997 में खरीदा गया है। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने बताया कि वर्षो से हमलोग का इस भूमि पर कब्जा है। भूमि का सारा कगजात भी है। इसके बाद भी विवाद खड़ा कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करते हुए मारपीट किया गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने भी थाना में आवेदन दिया है। घटना की जानकारी के बाद पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना।

## मिथिलेश सिंह को सीटू ने दी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एनसीओइए (सीटू) क्षेत्रीय कार्यालय में भुरकुंडा में सीटू के दिवंगत राज्य अध्यक्ष कॉमरेड मिथिलेश सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कॉमरेड मिथिलेश सिंह के श्रमिक आंदोलन में योगदान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में क्षेत्रीय अध्यक्ष वासुदेव साव, क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष सुशील सिंह, भुरकुंडा सचिव संतोष यादव, किरण कुमार, विक्रमादित्य सिंह यादव, असीम धर, संजय कुमार, दिलीप कुमार, राकेश प्रसाद, अशोक सिंह सहित कई कार्यकर्ता और नेता शामिल थें।

# उपायुक्त ने लावालौंग प्रखंड का किया दौरा, समस्याओं को लेकर की चर्चा

**आम बागवानी का निरीक्षण और मनरेगा पार्क का उद्घाटन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** शनिवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ लावालौंग प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। दौरे की शुरुआत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी समूह की दीदियों द्वारा संचालित मल्चिंग आधारित कृषि परियोजना के निरीक्षण से हुई। इसके बाद वन विभाग की नर्सरी, मनरेगा के तहत विकसित बागवानी कार्य, और प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**जनप्रतिनिधियों के साथ समस्याओं पर मंथनः** बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं को सीधे तौर पर समझना और उसके समाधान की दिशा में ठोस पहल करना है। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया यथा जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नयी सड़क-पुल-पुलिया निर्माण की आवश्यकता, विद्युत आपूर्ति की कमी व अब तक बिजली से वंचित गांव, नल-जल योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन न होना, आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर स्थिति (विशेषतः चुकरु केंद्र), मोबाइल नेटवर्क की खराब स्थिति, प्रखंड मुख्यालय में पुस्तकालय निर्माण की मांग, लमटा से शिवराजपुर एवं लावालौंग से रिमी तक जर्जर सड़क की मरम्मती की आवश्यकता से उपायुक्त को अवगत कराया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि बिजली से वंचित गांवों का सर्वे कर सूची शीघ्र उपलब्ध कराने,नल-जल योजना के क्रियान्वयन में सुधार करने और सड़कों की खुदाई के बाद अनिवार्य रूप से मरम्मति सुनिश्चित करने तथा प्रखंड स्तर पर विशेष बैठक आयोजित कर प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने ग्राम कल्याणपुर पंचायत के हेड्रम गांव में मनरेगा के तहत विकसित आम बागवानी का निरीक्षण कर कार्य की प्रशंसा की और लाभुकों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा नवनिर्मित मनरेगा पार्क का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला जनसंपर्क कार्यालय के सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशीकांत कुमार श्रीवास्तव, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

## बच्चों की उपायुक्त से रूबरू होने की लालसा धरी रह गयी

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से रूबरू होने के लिए चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री नें प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लमटा, कटिया और हेड्रम पंचायत में मनरेगा बागवानी और आवास समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। फिर वे प्रखंड कार्यालय के सभागार में पहुंचकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों से उनके पंचायत की समस्याओं से उपायुक्त रूबरू हुई। बैठक में लावालौंग से पांकी मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति बनाम वन विभाग का मुद्दा छाया रहा। प्रतिनिधियों और ग्रामीणों नें अपने-अपने पंचायत में सड़क व बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने का ही मुख्य रूप से मुद्दा उठाया। मुखिया नेमन भारती ने अर्धनिर्मित कॉलेज भवन की बात रखी। वहीं अन्य मुखियाओं नें भी पुल पुलिया समेत अन्य मुद्दे उठायें। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपायुक्त को प्रखंड कार्यालय के बाद मॉडल स्कूल में डॉ अंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन करने जाना था। जहां प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सुबह ग्यारह बजे से ही बेसब्री से ललक भरी नजरों से उपायुक्त की राह देख रहे थे। जब तीन बजे बच्चों को बताया गया कि अब तुम सभी अपने-अपने घर चले जाओ अब उपायुक्त यहां नहीं आयेंगी। इतना सुनते ही सैकड़ो छात्र-छात्राओं के चेहरे पर घोर मायूसी छा गयी और भारी कदमों से निराश होकर वे बैरंग वापस अपने घर लौट गये। बच्चों के मन में उपायुक्त को नजदीक से देखने और उनसे रूबरू होने की लालसा धरी की धरी रह गयी। देश के होनहार भविष्य रूपी विद्यार्थी भी अगर इस प्रकार पदाधिकारियों के द्वारा ठगी की शिकार होंगे तो उनके मनोभावना पर कितना गहरा असर होगा, ये सोचनीय विषय है और वरीय पदाधिकारियों के प्रति उनके मन में क्या विश्वास कायम होगा, यह भी गौरतलब है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 2058 दिनांक 31.05.2025 के अनुसार मैं, सुबोध कुमार साव पिता तोतो साव ग्राम- सीरामडीह, पोस्ट- मुरना, थाना- धनवार, जिला-गिरिडीह, शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि:-

1. यह कि मेरी उम्र लगभग 38 वर्ष है।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 7817 4078 6566 एवं पैन कार्ड संख्या JCTPS1742D में मेरा नाम SUBODH KUMAR SAW अंकित है जबकि बैंक ऑफ इंडिया शाखा केंदुआ में मेरा एक बचत खाता चलता है जिसका खाता संख्या 489010110007414 है जिसमें मेरा नाम SUBODH SAW अंकित है।
3. यह कि SUBODH KUMAR SAW एवं SUBODH SAW दोनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूँ तथा मैं अपने उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। यह कि यह शपथ पत्र मै अपने उपरोक्त दोनो नामो के सत्यापन करने हेतु कर रहा हूँ।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. CECONIBBS 2025026, दिनांक : 04.07.2025

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अधीन कलाहांडी (नारला) में इलेक्ट्रिक लोको पीरियोडिकल ओवर हॉलिंग (POH) वर्कशॉप की स्थापना के संबंध में संरचना, छोटे पुलों मे मिट्टी कार्य, P.Way लिंकिंग कार्य (वर्कशॉप सहित) का निष्पादन, बैलास्ट की आपूर्ति एवं अन्य संबद्ध कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1986.04 लाख, EMD : ₹ 11,43,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 18 (अठारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 05.08.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-58/CI/25-26

# नया कानून क्यों

महाराष्ट्र विधानसभा में स्पेशल पब्लिक सिक्यॉरिटी बिल ध्वनिमत से पास हुआ। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में कानून-व्यवस्था की मजबूती के लिए इसे जरूरी बताया है। लेकिन इस बिल से जुड़े कुछ सवाल हैं, जिनके जवाब मिलने चाहिए। विपक्ष ने भी जो आशंकाएं जाहिर की हैं, उन्हें यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि विपक्ष तो विरोध करेगा ही।

**क्या है परिभाषा :** सीएम फडणवीस ने कहा है कि यह बिल अर्बन नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लाया गया है। नक्सलवाद की समस्या से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन महाराष्ट्र सरकार जिस अर्बन नक्सल की बात कह रही है, उसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बतायी जा रही। यह शब्द पिछले दशक से चलन में आया है। लेकिन, इसकी स्पष्ट व्याख्या की जरूरत है, ताकि इस शब्द की आड़ में वैचारिक विरोध और असहमति की आवाज को न दबाया जा सके।

**स्पष्ट हों प्रावधान :** विपक्ष को भी मुख्य एतराज इसी बात पर है कि बिल में लेफ्ट विंग उग्रवादी विचारधारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। हालांकि सीएम भरोसा दे रहे हैं कि नये कानून का उपयोग राजनीतिक प्रदर्शनकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं किया जायेगा। उन्होंने यही बात लेफ्ट पार्टियों के लिए भी कही, लेकिन इतना काफी नहीं है। किसी भी कानून में सबसे अहम है प्रावधानों की स्पष्टता, ताकि उसे लागू करने में किसी तरह की परेशानी न आये।

**देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गयी थी, वह अब 18 रह गयी है। इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताये जाते हैं। फड़णवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं।**

**जरूरत पर सवाल :** हालांकि महाराष्ट्र इस तरह के कानून लाने वाला कोई पहला राज्य नहीं है। इससे पहले चार अन्य राज्यों में ऐसा कानून लाया जा चुका है, लेकिन इससे यह सवाल समाप्त नहीं हो जाता कि आखिर ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत आन पड़ी है। देश में नक्सलवाद की समस्या, सरकार के ही दावों के मुताबिक, अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। देश में नक्सल प्रभावित जिलों की जो संख्या एक समय 180 तक चली गयी थी, वह अब 18 रह गयी है। इनमें भी ज्यादा प्रभावित जिले 6 बताये जाते हैं। फड़णवीस के ही मुताबिक महाराष्ट्र में केवल दो तालुकाओं में नक्सली गतिविधियां बची हैं। तो जो समस्या यों भी खत्म होने पर है, उसके लिए इतने कड़े इस नये कानून की जरूरत क्यों समझी जा रही है?

**दूर हों आशंकाएं :** महाराष्ट्र में मकोका और यूएपीए जैसे सख्त कानून पहले से हैं। ऐसे में अर्बन नक्सल जैसी अस्पष्ट सोच के साथ जोड़ कर इतना कड़ा कानून लाये जाने से यह आशंका मजबूत होती है कि कहीं इसका दुरुपयोग आम लोगों के असंतोष को दबाने में न किया जाने लगे। बेहतर होगा सरकार कानून लागू करने से पहले इससे जुड़ी आशंकाओं को दूर करने पर ध्यान दे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**एमएसपी और खरीद समर्थन में वृद्धि को पूर्णता प्रदान करते हुए और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए, सरकार ने दो प्रमुख मिशन शुरू किये। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (2024) और राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (2021)। 10,103 करोड़ रुपये के बजट के साथ, एनएमइओ-तिलहन का लक्ष्य 2030-31 तक उत्पादन को दोगुना करके 69.7 मिलियन टन करना है, 40 लाख हेक्टेयर परती भूमि में खेती का विस्तार करना और उच्च उपज देने वाले बीजों की किस्मों और क्लस्टर- आधारित मॉडल को बढ़ावा देना है।**

# भारत की तिलहन क्रांति: आत्मनिर्भरता और पोषण सुरक्षा की दिशा में प्रगति का एक दशक




पूर्ण चंद्र किशन / ऋषि कांत



पिछले दशक में भारत ने तिलहन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी यात्रा का आगाज किया। 2014-15 से 2024-25 के बीच, तिलहन का उत्पादन 5 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 275 लाख टन से 55 प्रतिशत बढ़कर 426 लाख टन हो गया है। तिलहन की खेती के तहत आने वाले क्षेत्र में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 25.60 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 30.27 मिलियन हेक्टेयर हो गया, जबकि उत्पादकता 1,075 किलोग्राम/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत बढ़ कर 1,408 किलोग्राम/हेक्टेयर हो गयी। खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़कर 123 लाख टन हो गया, जो खाद्य सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

**कृषि क्षेत्र में सफलताओं का दशक :** भारत के तिलहन क्षेत्र ने 2014-15 से सभी प्रमुख मापदंडों में उल्लेखनीय परिवर्तन का अनुभव किया है। इसके उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 275.1 लाख टन से बढ़ कर 426.1 लाख टन हो गया। ऐसा उच्च उपज देने वाले बीजों की किस्मों को व्यापक रूप से अपनाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और सरकार से निरंतर मिलने वाले नीतिगत समर्थन के कारण हुआ। इसके परिणामस्वरूप खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़ कर 125 लाख टन हो गया।

**एमएसपी में जबरदस्त वृद्धि के साथ-साथ सरकारी खरीद कार्यों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई।**

खेती का रकबा 256 लाख हेक्टेयर से 18 प्रतिशत बढ़कर 302.7 लाख हेक्टेयर हो गया, जो किसानों के बढ़ते आत्मविश्वास तथा परती और कम उपयोग में लायी जाने वाली भूमि को तिलहन की खेती में लाने के रणनीतिक प्रयासों को दर्शाता है। उत्पादकता में सुधार और भी अधिक उल्लेखनीय रहा, जो तकनीकी प्रगति और बेहतर कृषि पद्धतियों के कारण 1,075 किग्रा/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,408 किग्रा/हेक्टेयर तक पहुंच गयी। रेपसीड-सरसों, सोयाबीन और मूंगफली जैसी प्रमुख तिलहन फसलों ने उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाई, जबकि नारियल, बिनौला और चावल की भूसी जैसे द्वितीयक स्रोतों ने उत्पादन को बढ़ावा दिया।

**किसानों को सशक्त बनाना: न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद क्रांति –** कृषि के क्षेत्र में इस परिवर्तन का आधार तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में पर्याप्त वृद्धि होना रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित हुआ है। तिलहन के लिए एमएसपी में नाटकीय वृद्धि देखी गई, जिसमें नाइजर बीज 142.14 प्रतिशत (3,600 रुपये प्रति क्विंटल से 8,717 रुपये प्रति क्विंटल), तिल 101.46 प्रतिशत (9,267 रुपये प्रति क्विंटल) और रेपसीड-सरसों (91.94 प्रतिशत) और मूंगफली (69.58 प्रतिशत) जैसे अन्य 2014-15 के मुकाबले बढ़े, जिससे किसानों की आय में पर्याप्त वृद्धि हुई, जिससे तिलहन की खेती लाभदायक बन गयी।

एमएसपी में इस जबरदस्त वृद्धि के साथ-साथ सरकारी खरीद कार्यों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 2014-15 में तिलहन की सरकारी खरीद न्यूनतम थी, जो कि मात्र 4,200 मीट्रिक टन थी और एक या दो फसलों तक सीमित थी। 2024-25 तक, यह खरीद बढ़कर 41.8 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गयी है, जिसमें मूंगफली (17.7 लाख मीट्रिक टन), सोयाबीन (20 लाख मीट्रिक टन) और रेपसीड/सरसों (4 लाख मीट्रिक टन) जैसी प्रमुख फसलें शामिल हैं। यह उल्लेखनीय वृद्धि, विशेष रूप से पीएम-आशा जैसी योजनाओं के माध्यम से हुई है। यह एमएसपी हस्तक्षेपों के सार्थक पैमाने पर संचालन को दर्शाती है, जो बाजार की अस्थिरता के बीच किसानों के लिए आय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। एमएसपी और खरीद समर्थन में वृद्धि को पूर्णता प्रदान करते हुए और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए, सरकार ने दो प्रमुख मिशन शुरू किए: राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (2024) और राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम (2021)। 10,103 करोड़ रुपये के बजट के साथ, एनएमइओ-तिलहन का लक्ष्य 2030-31 तक उत्पादन को दोगुना करके 69.7 मिलियन टन करना है, 40 लाख हेक्टेयर परती भूमि में खेती का विस्तार करना और उच्च उपज देने वाले बीजों की किस्मों और क्लस्टर- आधारित मॉडल को बढ़ावा देना है। इस बीच, 11,040 करोड़ रुपये से समर्थित एनएमईओ-ओपी, किसानों की आय बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए इसकी उच्च उत्पादकता और आय क्षमता का लाभ उठाते हुए विशेष रूप से पूर्वो?तर और अंडमान क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

**खपत, आयात और स्वास्थ्य पर गौर करना :** घरेलू उत्पादन में प्रभावशाली वृद्धि होने के बावजूद, बढ़ती आय, शहरीकरण और लोगों द्वारा प्रसंस्कृत और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों का रुख किये जाने ने भारत के खाद्य तेल की खपत को 2023-24 में 27.8 मिलियन टन तक पहुंचा दिया है, जिससे प्रति व्यक्ति सेवन 19.3 किलोग्राम तक पहुंच गया है - जो भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के 12 किलोग्राम के अनुशंसित स्तर से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है।

**आत्मनिर्भरता को मजबूत करना: आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ –** खाद्य तेलों-खासकर पाम और सोयाबीन-पर बड़े पैमाने पर भारत की निर्भरता ने एक बड़ी आर्थिक कमजोरी को जन्म दिया है। 2024-25 तक, लक्षित सरकारी सहायता और सक्षम टैरिफ उपायों के संयोजन ने घरेलू तेलों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाते हुए सभी को समान अवसर दिलाने में मदद की है। इस बदलाव ने सरसों, मूंगफली और तिल की खेती को प्रोत्साहित किया है, जो भारत के विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। इसके अतिरिक्त, चावल की भूसी और बिनौले जैसे स्वास्थ्यवर्धक तेल मिश्रणों को बढ़ावा देने से भारत के चावल और कपास के प्रचुर उत्पादन का लाभ मिलता है - एक ऐसी रणनीति जिस पर एक दशक पहले सीमित ध्यान दिया गया था।

**प्रगति के एक दशक से निर्मित लाभकारी चक्र :** असाधारण प्रगति और रणनीतिक हस्तक्षेप से भरपूर एक दशक में गहराई से निहित भारत की तिलहन क्रांति, देश की कृषि संबंधी सुदृढ़ता और नीतिगत प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एनएमइओ-तिलहन और एनएमईओ-ओपी जैसे केंद्रित मिशनों के माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर, टिकाऊ कृषि प्रथाओं को अपनाकर और विवेकपूर्ण उपभोग को बढ़ावा देकर, भारत न केवल अपने भारी आयात बोझ को कम करने का लक्ष्य निर्धारित कर रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की ओर भी अग्रसर है।

**(लेखकों के बारे में : पूर्ण चंद्र किशन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के राजस्थान कैडर के 2005 बैच के अधिकारी हैं, जो वर्तमान में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और ऋषि कांत भारतीय आर्थिक सेवा (आइइएस) के 2012 बैच के अधिकारी हैं, जो कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अपर आर्थिक सलाहकार के पद पर तैनात हैं। इस पद पर, वह तिलहन प्रभाग और कृषि एवं आर्थिक अनुसंधान इकाई का कार्यभार संभाल रहे हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक संजीव सरदार ने दो पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका/जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में विधायक संजीव सरदार के पहल पर कोवाली से डुमरिया तक मुख्य सड़क पर नौ उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन होना है। शनिवार को पोटका विधायक ने सैकड़ों ग्रामीणों के बीच नारियल फोड़ कर और पूजा-अर्चना कर कोवाली और पांडरसोली गांव में दो पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह पुल झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग द्वारा 17 करोड़ की लागत से बनाए जायेंगे। विधायक संजीव सरदार ने कहा क्षेत्र की यह सड़क ग्रामीणों की जीवन रेखा है। जर्जर पुलों के कारण ग्रामीणों को खास कर बारिश में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नये पुल का निर्माण होने से पोटका और डुमरिया के बीच आवागमन आसान होगा।

डुमरिया को जमशेदपुर से जोड़ने में भी सुविधा होगी। साथ ही क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा और हरिणा मुक्तेश्वर धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंचना भी सरल होगा। उन्होंने ग्रामीणों से निर्माण कार्य की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना सीधे उन्हें देने का आग्रह किया। विधायक श्री सरदार ने बताया उनकी अनुशंसा पर कई सड़क और पुल को मंजूरी दी गयी है। सभी योजनाओं के लिए कार्य जारी है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि यशवंत महतो, जिला पार्षद सविता सरदार, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, हीरामणि मुर्मू, मुखिया असीत सरदार, ग्रामप्रधान बज्रांकन दंडपात उपस्थित रहे।

# खरसावां मॉडल स्कूल की कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील, विद्यार्थी-ग्रामीण परेशान



**खरसावां (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के खरसावां प्रखंड अंतर्गत बुरुडीह में संचालित अंग्रेजी मीडियम सरकारी स्कूल तक जाने वाली कच्ची सड़क मूसलाधार बारिश के कारण कीचड़ और पानी से भर गई है। सड़क की बदहाल स्थिति से स्कूल जाने वाले करीब 300 छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीणों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।छात्र-छात्राएं रोजाना हाथ में जूते-चप्पल और पीठ पर स्कूल बैग लेकर कीचड़ भरी सड़क पार करने को मजबूर हैं। लड़कियों को खास तौर पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ के कारण स्कूली यूनिफॉर्म गंदा हो जाने से कई बच्चे स्कूल जाना भी छोड़ने लगे हैं।ग्रामीणों का कहना है सड़क की मरम्मत और पक्कीकरण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई।लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। हालात इतने बदतर हैं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित होते नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से पक्की सड़क बनाने की मांग की। ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए और गांव के लोग इस मूलभूत समस्या से राहत मिल सकें।**

### यंग इंडियन संसद का सिटी लेवल राउंड शुरू

# युवाओं में नेतृत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की होगी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस, जमशेदपुर की ओर से यंग इंडियंस संसद का सिटी लेवल राउंड शनिवार को उत्साह के वातावरण में आरंभ हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन युवाओं में नेतृत्व का गुण पुष्ट करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में भारतीय संसद की कार्यप्रणाली का प्रभावशाली अनुकरण किया गया।

पहले दिन के आयोजन में जमशेदपुर के विभिन्न स्कूलों से आए 100 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान एक सुव्यवस्थित मॉक पार्लियामेंट सत्र आयोजित किया गया। इसमें छात्रों ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, स्पीकर और विभिन्न मंत्रालयों के प्रमुखों की भूमिका निभाई. उन्होंने राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की, विधेयक प्रस्तुत किए और संसदीय प्रक्रिया का पालन करते हुए भारतीय लोकतंत्र को व्यवहारिक रूप में समझा।

मुख्य अतिथि सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने छात्रों को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शामिल अन्य विशिष्ट अतिथियों मे संस्था के पूर्व चेयर कृष्णा खरिया, वर्तमान चेयर कौशिक मोदी, को चेयर श्रुति झुनझुनवाला, थालिर यंग इंडियंस के चेयर हर्ष अग्रवाल एवं केपीएस बमामाइंस की निदेशक रचना नायर शामिल रहे. कार्यक्रम का संचालन बीजल मेहता और ऋषि अरोड़ा ने किया। यंग इंडियंस, जो कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री का एक अभिन्न अंग है, की यह अनूठी पहल युवाओं को लोकतंत्र की भावना से जोड़ने, नीति निर्माण की समझ विकसित करने और शासन प्रणाली की जिम्मेदारियों का अनुभवात्मक ज्ञान मुहैया कराने का सशक्त मंच है।

### प्रयास लाया रंग, अब 12वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई उनके ही महाविद्यालयों में बरकरार रहेगी

# हजारों विद्यार्थियों ने ली चैन की सांस : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के प्रयासों से राज्य के हजारों इंटरमीडिएट विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। राजभवन ने पूर्व के आदेश में संशोधन कर 12वीं कक्षा के छात्रों को उन्हीं अंगीभूत महाविद्यालयों में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दे दी। श्री राय ने इसके लिए राज्यपाल और स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के प्रति आभार व्यक्त की। श्री राय ने बताया नई शिक्षा नीति को बिना तैयारी लागू करने से छात्रों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए एक सप्ताह पूर्व राज्यपाल के प्रधान सचिव, स्कूली शिक्षा मंत्री और अन्य अधिकारियों से बातचीत कर समस्या से अवगत कराया गया। इसके बाद स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने आश्वासन दिया राज्य सरकार जल्द संशोधन का प्रस्ताव भेजेगी, जिसे राजभवन ने स्वीकार कर लिया। नये आदेश से यह स्पष्ट हो गया 12वीं कक्षा के विद्यार्थी उन्हीं महाविद्यालयों से पढ़ाई कर परीक्षा देंगे जहां वे वर्तमान में नामांकित हैं। श्री राय ने कहा विद्यार्थियों की समस्या तो दूर हो गयी है, लेकिन शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के भविष्य को लेकर अभी भी असमंजस बना हुआ है। उन्होंने कहा वे सरकार और राजभवन से वार्ता कर इस विषय का भी स्थायी समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उन्होंने सुझाव दिया जब तक नयी शिक्षा नीति के तहत अलग आधारभूत संरचना नहीं खड़ी हो जाती, तब तक महाविद्यालय परिसरों में ही अलग इंटर कॉलेज खोलने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है। राजभवन के फैसले से विद्यार्थियों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। शनिवार देर शाम शिक्षकों और छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने श्री राय से मुलाकात कर आभार व्यक्त की।मौके पर नवनीत सिंह, राजीव दुबे, अनिमेष बख्शी, उपेंद्र कुमार राणा, इशरत रसूल, ज्योति प्रभा, पवन सिंह, हेमंत पाठक, साहेब बाग्ती, विक्की सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

# अंचल कार्यालय का राजस्व कर्मचारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार



**चांडिल। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सन्नी बर्मन को जमशेदपुर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई युवक राजेश हेम्ब्रम की शिकायत पर की गई थी। राजेश ने आरोप लगाया था कि पुश्तैनी जमीन को पंजी-2 में दर्ज कराने के लिए उनसे घूस मांगी जा रही थी।एसीबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और जैसे ही सन्नी बर्मन ने रिश्वत ली, टीम ने उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ जारी है। कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एसीबी की सराहना करते हुए कहा ऐसे भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जरूरी है। राजेश हेंब्रम ने कहा अपनी ही जमीन के कागजात के लिए रिश्वत देना शर्मनाक था, अब**

# मुसाबनी में कांग्रेस अध्यक्ष आनंद ने सफाई अभियान का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने शनिवार को मुसाबनी बाजार पहुंचकर साफ-सफाई अभियान का जायजा लिया। गौरतलब है विगत दिनों बाजार क्षेत्र में वर्षों से जमा कूड़ा-कचरा हटाने की मांग दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने उठाई थी। महामारी की आशंका को देखते हुए श्री दुबे ने अंचल अधिकारी को युद्धस्तर पर सफाई कराने का निर्देश दिया था। जिसके बाद पे लोडर और ट्रैक्टर लगाकर सफाई शुरू किया गया।हालांकि बीच में कचरा उठाव का काम रुक जाने से दुकानदारों ने पुनः शिकायत की। निरीक्षण में कचरे का अंबार देखकर जिलाध्यक्ष ने तत्काल हाईवा और पे लोडर लगवाकर सफाई कार्य फिर से शुरू कराया। सफाई पूरी होने पर दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने आनन्द बिहारी दुबे के प्रयास की सराहना की और आभार जताया। मौके पर जिला प्रवक्ता शमशेर खान, शत्रुघन प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार साह, नलिनी कुमारी, सफी इरफान सहित अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री स्व चंद्रशेखर दुबे को गढ़वा में जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सांसद, विधायक एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रहे स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे का पार्थिव शरीर शनिवार को गढ़वा लाया गया। गढ़वा आगमन पर पुलिस लाइन परिसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर जिला प्रशासन, पुलिस बल, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गयी। पूर्व मंत्री के अंतिम दर्शन हेतु बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान स्व. दुबे के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित की गयी। उपस्थित जनसमूह ने उनके सामाजिक, राजनीतिक और जनसेवा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात, निर्धारित कार्यक्रमानुसार उनकी अंतिम यात्रा गढ़वा से उनके पैतृक गांव गया। वहां से पार्थिव शरीर को वाराणसी ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम संपन्न किया गया। शव यात्रा में उनके हजारों समर्थक एवं चाहनेवाले शामिल थे।

## लोगों ने कहा 'नेता नहीं, बेटा था वो' अपने पैतृक गांव चोका में सबको रुला गये ददई



कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव चोका पहुंचा, हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। जो जहां था, वहीं से दौड़ पड़ा अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए। गांव, टोला और आस-पास के इलाके में केवल एक ही चर्चा थी -'ददई बाबू जैसे नेता बार-बार नहीं मिलते।' पारिवारिक सदस्यों द्वारा सबसे पहले पार्थिव शरीर को घर के अंदर रखा गया, जहां उनके आत्मीयों ने नम आंखों से अंतिम दर्शन किये। इसके बाद शव को चाहरदीवारी में सार्वजनिक श्रद्धांजलि के लिए रखा गया, जहां हजारों लोगों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्व. ददई दुबे के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार हेतु कांडी, केतार, खरौंधी होते हुए काशी (वाराणसी) ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न होगा। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, अधिकारी व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी, अमृत शुक्ला, बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी अविनाश राज, अभिमन्यु सिंह, विकास उपाध्याय, डब्ल्यू दुबे, विकास दुबे, असर्फी तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, अनूप पासवान, हसन रजवार, बलियारी मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, प्रमुख नारायण यादव, पूर्व प्रमुख पिंकू पांडेय, लल्लू यादव, अमित दुबे, अजय सिंह, रामलाला दुबे समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## ददई दुबे का निधन झारखंड, बिहार के लिए अपूरणीय क्षति : मिथिलेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री ददई दुबे उर्फ चंद्रशेखर दुबे के निधन पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गहरी संवेदना व्यक्ति है। श्री ठाकुर में उनकी कमी को अपूरणीय क्षति बताया है। श्री ठाकुर ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व.चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे मेरे आदर्श एवं अभिभावक स्वरूप थे। उनका इस तरह से अचानक हमसबों के बीच से चले जाना पलामू प्रमंडल ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड, बिहार के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई करना नामुमकिन है। श्री हरि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं इनके परिजनों को इस कठिन बेला में दुख सहने की असीम शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि स्व. दुबे एक नेता ही नहीं बल्कि जनमानस के लिए एक विचार और प्रेरणास्त्रोत थे। गरीबों के मसीहा सहित पूर्णरूपेण सिद्धांतवादी थे। वे जनकल्याण के लिए किसी भी सीमा को लांघने वाले व्यक्ति थे। स्व. दुबे कर्मठ राजनेता थे। साथ ही साथ गरीब-गुरबों के कल्याण के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहे रहते थे। श्री ठाकुर ने कहा कि वे स्वंय एवं अपनी पुरी झामुमो पार्टी की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

## ददई दुबे जैसे व्यक्तित्व राजनीति में विरले होते हैं: चंद्रवंशी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र चंद्रवंशी ने कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि ददई दुबे का निधन होना राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक ऐसा वटवृक्ष थे, जिनकी छाया में मजदूरों, गरीबों और वंचितों को हमेशा संबल मिलता रहा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि ददई दुबे ने अपने राजनीतिक जीवन में कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने सत्ता पक्ष में रहते हुए भी और विपक्ष में रहते हुए भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया। वे न सिर्फ जननेता थे, बल्कि सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक भी थे। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

## ददई दुबे के निधन से गढ़वा की राजनीति में शून्यता आयी है: अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। ददई दुबे के निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडे ने कहा है कि उनके निधन से गढ़वा की राजनीति में शून्यता आई है। उनका निधन होना राजनीति के लिए अपूर्णीय छाती है। वे गरीबों, मजदूरों वंचितों के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे। श्री पांडे ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

## फेस कैप्चर और इ-केवाइसी नहीं करने पर 89 आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय बंद

कांडी (आजाद सिपाही)। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) राकेश सहाय ने कार्य में लापरवाही बरतने के कारण प्रखंड की 89 आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश जारी किया है। सीडीपीओ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद संबंधित सेविकाओं ने लाभार्थियों का फेस कैप्चर और ई-केवाईसी कार्य पूर्ण नहीं किया है। इसे आदेश की अवहेलना और कार्य में लापरवाही के रूप में देखा जा रहा है। सीडीपीओ ने चेतावनी दी कि सेविकाओं की इस लापरवाही के चलते आने वाले दिनों में आरटीई पोषाहार योजना बाधित हो सकती है, जिससे सीधे लाभार्थियों को नुकसान होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक फेस कैप्चर और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती, तब तक संबंधित सेविकाओं का मानदेय रोका रहेगा। यह कदम आंगनबाड़ी सेवाओं की पारदर्शिता और सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## बाबा भोलेनाथ से अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए मांगें आशीर्वाद : डॉ कुलदेव



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल प्रखंड के सोहबरिया गांव से चौधरी कांवरिया संघ के तत्वावधान में शिवभक्तों का एक जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरिया यात्रा का शुभारंभ करने पहुंचे महर्षि वेद व्यास परिषद, झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि सावन का पवित्र महीना में देवों के देव महादेव जी की आराधना की जाती है। लेकिन विशेषकर सुल्तानगंज से देवघर 105 किलोमीटर पैदल चलकर कांवरिया जलाभिषेक करते हैं इसका एक अलग महत्व है। देवों के देव महादेव जी आप तमाम श्रद्धालुओं को मनोकामना पूर्ण करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्री रिंकू तिवारी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश चौधरी, भाजपा नेता मनोज चौधरी, मानदेव चौधरी, गोपाल चौधरी, गोवर्धन चौधरी, अजित चौधरी, लालमुनि चौधरी आदि सहित सैकड़ों काँवरिया एवं हजारों ग्रामवासी उपस्थित थे।20

## दिव्यांगजनों को मिला व्हीलचेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र



रंका (आजाद सिपाही)। विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के द्वारा रंका प्रखंड पीएलवी कृष्णानंद दुबे, विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, मानपुर पंचायत के पीएलवी अमरेंद्र कुमार एवं खरडीहा पंचायत के पीएलवी महेंद्र ठाकुर के संयुक्त प्रयास से दिव्यांगजन खोज संपर्क अभियान चलाकर विश्रामपुर मुंडा टोली निवासी मनोज एक्का को व्हीलचेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी के द्वारा पूर्व में भी मनोज एक्का को चिकित्सा टीम से उचित उपचार कराने एवं गढ़वा स्वयं जाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन आदि लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। दिव्यांग मनोज एक्का की पत्नी मेहनत मजदूरी करके तीन बच्चे और दिव्यांग पति की सेवा भरण-पोषण किसी तरह करतीं हैं।

## महिला का शव पेड़ से झूलता मिला, हत्या की आशंका

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव थाना क्षेत्र के टरहे गांव स्थित सतूआही बांध के पास परास वन में शनिवार को एक 22 वर्षीय महिला का शव पेड़ से झूलता हुआ मिला। मृतका की पहचान पुरहे गांव के गवरवा टोला निवासी संतोष रजवार की पत्नी प्रभा देवी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, महिला की लाश साड़ी के फंदे से झूलती मिली थी। वह ब्लाउज और पेटीकोट पहने हुई थी, और उसके ब्लाउज के ऊपर एक छोटा मोबाइल रखा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर थाना लाया गया। शव की पहचान होने के बाद मृतका के मायके वाले थाना पहुंचे। मां ने आरोप लगाया कि प्रभा देवी की हत्या उसके ससुर चुंदूर रजवार ने की है। उन्होंने कहा कि ससुर शराब के नशे में गला दबाकर हत्या किए और फिर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया।

# जरही से कदैलिया तक दलदल में तब्दील सड़क पर ग्रामीणों ने धान रोप कर जताया विरोध



जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने सड़क को खेत में बदला, विधायक से की त्वरित कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड के जरही गांव के अयोध्या बांध मुख्य सड़क से कदैलिया गांव तक करीब तीन किलोमीटर की दूरी में सड़क कीचड़ व दलदल में तब्दील हो गयी है। जिससे इन दिनों ग्रामीण व राहगीरों को सड़क से पैदल गुजरना मुश्किल हो गया है। सड़क की इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर धान की रोपनी किया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जमकर नारेबाजी भी किया। वहीं सड़क में बनी कीचड़ व दलदल में उतरकर घंटों तक धान की रोपनी कर विरोध जताया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क में बनी कीचड़ में धान की रोपनी कर विरोध प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण जितेंद्र पासवान, श्रवण, लव, रामजी पासवान, उपेंद्र, गुड्डू पासवान, धर्मेंद्र, प्रभा देवी सहित अन्य ने बताया कि जरही के अयोध्या बांध से कदैलिया गांव तक करीब बीस वर्ष पूर्व मिट्टी मोरम से सड़क बना था।

## कीचड़भरी सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत मरम्मत कराने की मांग की



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना के बगल से लेकर संजय सेठ के घर तक की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गयी है। लगातार हो रही बारिश के कारण यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गयी है, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहनों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों संजय सेठ, मिथलेश तिवारी, सभाजित पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय, आदर्श कुमार सिंह, अशोक शुक्ला, मनोज सेठ, सत्येंद्र गुप्ता, दीपक सोनी और कामेश्वर सिंह ने बताया कि यह मार्ग भवनाथपुर के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, लेकिन इसकी उपेक्षा वर्षों से होती आ रही है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन और पंचायत के मुखिया से लिखित आवेदन देकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है।

## खेल मनुष्य के जीवन का आधार हैं: डीडीसी

प्रमंडल स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रमंडल स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। अंडर 17 बालिका वर्ग में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले गढ़वा पलामू एवं लातेहार के टीम ने भाग लिया। प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, एपीओ सह खेल पदाधिकारी कुलदीपक अग्रवाल, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, गढ़वा जिला ओलंपिक के सचिव आलोक मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और बैलून उड़ा कर किया। मुख्य अतिथि पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय मैच का आयोजन गढ़वा जिले में पहली बार हो रहा है, यह जिले के लिए गर्व की बात है उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला प्रशासन खेल के समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं इस तरह के मैच का आयोजन हेतु आगे भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए खेल को प्रोत्साहित करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा**

**रद्द पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 02/2025-26 जिसका पी0आर0संख्या–351370 है। अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 357154 Rural Work Department(25-26).D


# शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों का पीटी-2 परीक्षा परिणाम घोषित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा में शनिवार को कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं तक के छात्रों के लिए एक शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पीटी-2 परीक्षा का परिणाम घोषित कर अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान से हुआ, तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय सहित शिक्षक गण और अभिभावक गण के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी।

अलखनाथ पांडेय ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के समय प्रबंधन, स्वाध्याय, और पढ़ाई के प्रति एकाग्रता पर विशेष ध्यान दें।

इस अवसर पर हिंदुस्तान ओलंपियाड में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आभास पटनायक को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र और 2100 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा 'वन महोत्सव' विषय पर बनाए गए आकर्षक पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका गीता पाण्डेय, नंदलाल गुप्ता, सनोज यादव, एसडी सिंह, धीरज पाण्डेय, इंतियाज खान, श्वेता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, संदीप ठाकुर सहित सभी शिक्षकगण तथा संबंधित कक्षाओं के सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

# पांच दशकों के बाद खुलने जा रही है उत्तर कोयल परियोजना की किस्मत

इस कार्य को जल्दी शुरू कराना हमारी प्राथमिकता होगी : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** मंडल डैम में काम शुरू करने को लेकर गढ़वा जिला उपायुक्त दिनेश कुमार यादव व पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शनिवार को अपने दल बल के साथ मंडल डैम पहुंचे। वहां के वस्तु स्थिति की जानकारी उपस्थित पदाधिकारियों से ली, तथा कार्य प्रारंभ को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश पदाधिकारियों को दिया। अचानक पुरा जिला प्रशासन के मंडल डैम पहुंचने पर पत्रकारों के द्वारा पुछा गया, तो जिला उपायुक्त ने कहा कि यह योजना भारत सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी उक्त योजना है। इस योजना में अभी तक सरकार का बहुत सारा पैसा लगा हुआ है। इस कार्य को जल्दी शुरू कराना हमारी प्राथमिकता होगी। इस कार्य को शुरू करने में जो सबसे बडी समस्या है, इस क्षेत्र की जनता को विस्थापित करना। इस संबंध में डुब क्षेत्र की ग्रामीणों से कई राउंड वार्ता हुई है तथा उनके द्वारा सकारात्मक सहमती बनीं है। आने वाले एक से डेढ़ साल में विस्थापितों को पहचान कर सभी प्रकार की सरकारी सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी। इस डैम के प्रोजेक्ट का स्कीम छोटा हो जाने के कारण बिजली उत्पादन नहीं हो पायेगा, परंतु सिंचाई के क्षेत्र पाईप लाईन के क्षेत्र में आम लोगो को काफी सुविधा मिलेगी। यह प्रोजेक्ट जनता, फोरेस्ट व सरकारी लोग सहित सभी के लिए लाभदायक है। एजेंसी के द्वारा कहा गया है कि मानसून के कारण कार्य प्रारंभ करने में विलंब हो रहा तब तक स्ट्रक्चर का कार्य प्रारंभ करने की बात कही गयी है। इसके लिए एजेंसी को सारी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करायी जायेगी। वहीं एसपी ने कहा कि एजेंसी के द्वारा इस कार्य को प्रारंभ करने के लिए जितनी भी सुरक्षा की जरूरत पडेगी, पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा उपलब्ध कराई जायेगी जिससे समय पर शांति पुर्वक कार्य पुर्ण कराई जा सकें। ज्ञात हो की 16.22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली उतर कोयल परियोजना का आनलाइन शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा विगत 5 जनवरी 2019 को की गयी थी। मौके पर एसी राज महेश्वरम टाइगर प्रोजेक्ट के डीएफओ आशीष जैना रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा सहित पदाधिकारी और प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**अति अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/04/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोमचाँच प्रखण्ड के डोमचाँच दक्षिणी–03 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 2 | डोमचाँच प्रखण्ड के महेषपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 3 | डोमचाँच प्रखण्ड के डोमचाँच उत्तरी–2 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 4 | डोमचाँच प्रखण्ड के जमडीहा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 5 | कोडरमा प्रखण्ड के इन्दरवा हरिजन टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 6 | कोडरमा प्रखण्ड के गुमो हरिजन टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 7 | कोडरमा प्रखण्ड के बजरंग नगर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 8 | कोडरमा प्रखण्ड के दर्जी चौक मुस्लिम टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 9 | कोडरमा प्रखण्ड के महाबीर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 10 | कोडरमा प्रखण्ड के सुन्दर नगर डोम टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 11 | कोडरमा प्रखण्ड के झुमरी –1 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण काय | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 12 | कोडरमा प्रखण्ड के चिलगलाबार पष्चिमी टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण काय | 1108200.00 | 22,200.00 | 2500.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकालान की तिथि – 17.07.2025.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.07.2025. से दिनांक 24.07.2025. अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.07.2025. अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का मोबाईल नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 357161 Rural Work Department (25-26)_D

## अपहरण के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लावागड़ा निवासी अपहरण मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी रंजीत उरांव को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसे माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लातेहार के न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने बताया कि हेरहंज थाना कांड संख्या 28/14 (जीआर संख्या 560/14) दिनांक 26 जुलाई 2014 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 364(ए) और 120(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। वारंटी रंजीत उरांव पिता गन्दौरी उरांव, ग्राम लावागड़ा, टोला - खपराटोली, थाना हेरहंज, जिला लातेहार के निवासी है। गिरफ्तारी के बाद रंजीत उरांव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गारू में लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पुरा करने का डीडीसी ने दिया निर्देश



**गारु (आजाद सिपाही)।** गारु प्रखंड अंतर्गत शनिवार को उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने संचालित योजनाओं का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही करवाई पंचायत में लाभुक पूजा देवी के पूर्ण अबुआ आवास में गृह प्रवेश कराया। गुड्डू नायक और अन्य लाभुकों के बन रहे अबुआ आवास के प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। मनरेगा अंतर्गत लाभुक लालमुनि देवी, देवंती देवी, भगदेव उरांव के खेत में आम बागवानी का निरीक्षण किया, रेफरल अस्पताल गारू का भी निरीक्षण किया जिसमे ओपीडी, शिशु वार्ड, प्रसव वार्ड, टीबी जांच, जांच कक्ष, प्रसव कक्ष, सामान्य वार्ड का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके पश्चात उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मनरेगा अंतर्गत परिवारों को 100 दिन का कार्य उपलब्ध कराने को निर्देशित किया साथ ही सभी प्रकार के निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने का निदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की शिकायत में सत्यता पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आवास योजना के समीक्षा के क्रम में आवास को ससमय पूर्ण करने और ससमय किस्त भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभुकों का सत्यापन दिनांक 15/07/25 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण अंतर्गत विभिन्न कार्य का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत बीज वितरण ससमय और सही लाभुकों को करने का निर्देश दिया। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। पशुपालन विभाग में पशुओं के टीकाकरण का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, JSLPS को आजीविका में वृद्धि करने हेतु विशेष कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग को सभी योग्य रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीआरडीए निदेशक, लातेहार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी गारू समेत सभी विभाग के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## मंडल डैम परियोजना एक बार फिर से शुरू करने को लेकर प्रक्रिया तेज



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** मंडल डैम परियोजना एक बार फिर से शुरू करने को लेकर प्रक्रिया तेज हो चुकी है। परियोजना पर एक बार फिर से काम लगने के पूर्व डैम के निर्माण कार्य होने से डूब क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव और उन गांव में रह रहे परिवारों को चिन्हित कर पुनर्वास करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। बीते दो महीने पूर्व झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी के निरीक्षण के बाद शनिवार को मंडल डैम परियोजना स्थल का वन विभाग की टीम के साथ-साथ गढ़वा जिला प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एसपी अमन कुमार डीएफओ प्रजेशकांत जेना ने मंडल डैम परियोजना के वर्तमान भौतिक स्थिति के सत्यापन करने के साथ-साथ डूब क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव के लोगों के पुनर्वास गढ़वा जिले के रंका का प्रखंड में किए जाने को लेकर चर्चाएं की गयी। मंडल डैम परियोजना को लेकर केंद्र के साथ-साथ राज्य की सरकार भी पूरी तरह से गंभीर है। मंडल डैम के डूब क्षेत्र में रहने वाले 780 परिवारों को मंडल डैम से दूर दूसरी जगह बसाने का रास्ता साफ हो गया है। जिसके तहत सभी परिवारों को दो किस्तों में 15 लाख और एक एकड़ जमीन दी जायेगी। पहली किस्त में 10 लाख और दूसरी किस्त में पांच लाख रुपये दिये जायेंगे। डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गढ़वा के रंका प्रखंड के बिश्रामपुर के इलाके में बसाया जाना है।

## मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक की गयी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक बीडीओ रेशमा रेखा मिंज नें की। बैठक में प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह के साथ सभी पंचायत के रोजगार सेवकों से संचालित सभी योजनाओं की बारी बारी से जानकारी लीं गयी। बैठक में बीडीओ नें वर्ष 2023 से पहले की पुरानी सभी योजना प्राथमिकता के आधार पर बंद करने का निर्देश दिया। बीडीओ नें बताया की मनरेगा के तहत आम बगवानी को लक्ष्य पुरा करने के साथ प्रखंड में पहली बार लीची बगान की शुरूआत होंगी। जो प्रखंड के बेतला, केड, छेचा, लात, हरातू, चुगरू छिपादोहर, कराया जाना है। जिसके लिये 100 एकड़ के लिये लाभुकों का चयन जल्द से जल्द कर के योजनाओं की शुरुआत की जाये। वहीं बैठक में शामिल सहायक अभियंता और सभी कनीय अभियंता को योजनाओं का भौतिक सत्यापन के बाद मापी पुस्तिका भरने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजनाओं के सबंधित अधिकारी और कर्मी नियमित निरीक्षण करें। वही निरीक्षण में लापरवाही करने पर सीधे कार्यवाई की जायेंगी। बैठक में सहायक अभियंता प्रभाकर मणी प्रताप, लेखापाल प्रिंस कुमार, कनीय अभियंता संजय कुमार, शनि सिंह ऑपरेटर रवि कांत रवि, अनिल कुमार रोशन राज मनीष शर्मा, मो आलम समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पेशरार में की जनसुनवाई

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**पेयजल, राशन, आवास, सड़क और पुल निर्माण को लेकर मिले आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक और झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ. रामेश्वर उरांव आज लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में तत्काल आवश्यक निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने डॉ. उरांव के समक्ष पेयजल संकट, राशन कार्ड, पथ और पुलिया निर्माण, मैया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, आधार कार्ड संबंधी दिक्कतों सहित कई मुद्दों पर आवेदन सौंपा। अधिकांश मामलों में उन्होंने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिये। डॉ. उरांव ने कहा कि पेशरार एक सुदूरवर्ती क्षेत्र है, जहां मुख्य रूप से आदिम जनजातियों की बसावट है। इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में कई तरह की चुनौतियां आती हैं, लेकिन वे स्वयं प्रखंड तक पहुंचकर जनता की समस्याओं को जानना और समाधान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से मैं हमेशा जनता के बीच रहना चाहता हूं। यही लोकतंत्र की असली ताकत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान गठबंधन सरकार द्वारा चलाई जा रही मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। साथ ही, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। उन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना के विस्तार पर भी बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे। प्रमुख रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विनोद सिंह खेरवार, रविंदर खेरवार, जिप सदस्य रूबी कुमारी, शामूल अंसारी, सदरुल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, अरशद अयूब, अनिस अहमद, एनुल अंसारी, इकरामूल अंसारी, रेहान अख्तर, असलम अंसारी, बहती भगत, कमला देवी, रौनक इकबाल, बिरजू उरांव, रेयाज अंसारी, संजू तुरी, मुजाहिर अंसारी, जयप्रकाश गुप्ता, जाहिद अंसारी, सरिता खलखो, छोटू उरांव, कुलेश्वर तुरी, बासु भगत, सोमनाथ पाहन, बंधनाअसुर, सुमेरा ठाकुर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये निर्देश

# गर्भवती महिला और नवजात की मॉनिटरिंग के लिए समिति गठित करें : डॉ ताराचंद

**बच्चों को मध्याह्न भोजन के बाद आयरन और फोलिक एसिड की गोली का सेवन कराना सुनिश्चित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर स्वास्थ्य और पोषण के इंडिकेटर को सुधारें**

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंडों में स्वास्थ्य व पोषण के इंडिकेटर्स की स्थिति को बेहतर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाये। इसके लिए स्वास्थ्य, समाज कल्याण और शिक्षा विभाग को एकसाथ आकर बेहतर तालमेल के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ तारांचद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए सभी प्रखंडों में एएनएम, सहिया, आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका की टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया ताकि जिला में पोषण और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सुविधाओं को आमजनों तक सुलभ पहुंचाया जा सके। एनीमिया मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा विद्यालयों द्वारा बच्चों में एनीमिया के स्तर को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमो पर बिंदुवार चर्चा की गयी। साथ ही आयरन और फोलिक एसीड की दवा बच्चों को निर्धारित खुराक के अनुसार सेवन नहीं कराये जाने पर संबंधित विद्यालयों के जिम्मेवार सीआरपी व बीआरपी को कारण बताओ नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बैठक में एमटीसी केंद्रों में बच्चों की स्थिति, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग, बच्चों का टीकाकरण आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

**पहली तिमाही में अधिकतम एएनसी सुनिश्चित करें:** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि जिले के सभी पोषक क्षेत्रों के पहली तिमाही में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। प्रसव के तीन सप्ताह पूर्व से ही गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग हो ताकि हर गर्भवती को उचित पोषण और दवा देते हुए उनका संस्थागत सुरक्षित प्रसव हो सके। साथ ही गर्भवती महिला व उनके परिजनों को एएनसी की महत्ता के बारे में भी बतलाया जाय। उपायुक्त ने कहा कि जिले के हर गर्भवती का शत प्रतिशत एएनसी हो यह सुनिश्चित करें और एक भी गर्भवती इससे न छूटे। उपायुक्त ने एएनसी के साथ-साथ महिलाओं का हीमोग्लोबीन का स्तर भी जांचने का निर्देश दिया है ताकि ससमय उसका निदान के आवश्यक कारवायी की जा सके।

**स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध रहें चिकित्सक**

उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक रूप से चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है ताकि हर जरूरतमंद का ईलाज ससमय हो सके। साथ ही उन्होंने प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से बैठक कर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं का समीक्षा करने का निर्देश दिया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने पोषक क्षेत्र के मुखियाजनों से समन्वय स्थापित करते हुए पंचायतों में स्वास्थ्य इंडिकेटर्स की मॉनिटरिंग कर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# बारिश के कारण गरीब के घर पर गिरा पेड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**गारु।** गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसाढ़ पंचायत के परेवाटाड टोला में शनिवार को वासुदेव सिंह (68) के घर में बड़ा पेड़ गिर गया जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया है और उन्हें काफी नुकसान हुआ है। उस घर में वासुदेव सिंह अपने दो पुत्र मिटकू सिंह, अमरदीप सिंह और दोनों पुत्रवधुओं के साथ कुल तीन परिवार निवास करते थे। जब घर में पेड़ गिरा तो पूरा परिवार घर से बाहर था नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घर गिरने के बाद पूरा परिवार अब आशियाने के लिए चिंतित है। पीड़ित परिवार प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

# पहली बरसात में ही बह गयी एप्रोच सड़क, गुणवत्ता पर उठ रहा सवाल, चार माह पहले हुआ था निर्माण



**भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश, नहीं लगा है बोर्ड**

बता दें कि पुल और एप्रोच पथ निर्माण कार्य पूरा होने के 4 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक संवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर एस्टीमेट बोर्ड नहीं लगाया गया है। बोर्ड नहीं होने के कारण प्राक्कलित राशि और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी अब सवाल उठने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि एप्रोच पथ के दोनों साइड गार्डवाल भी ध्वस्त हो गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में सड़क बनने के साथ टूटने और धंसने की खबर अक्सर आते रही है। लेकिन संबंधित विभाग इसपर कोई एक्शन नहीं लेता है। जिसका नतीजा है कि सड़क निर्माण के दौरान नियमों को ताक पर रखकर खूब धांधली बरती जाती है। इसका एक ओर बानगी बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत के चंद्रदाहा स्कूल के समीप से पंचायत सचिवालय की और जाने वाली सीकरपाठ टोला से सामने आया है। यहां नदी के बीच बनें पुल के दोनों ओर बनी एप्रोच सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाया। बता दें कि चंद्रदाहा से पंचायत सचिवालय की और जोड़ने वाली लगभग 200 मीटर लंबा पुल और एप्रोच पथ का निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करोड़ो रुपये की लागत से पिछले मार्च माह के आस पास में कराया गया था। 4 माह पूर्व एप्रोच पथ का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। लेकिन पहली बरसात में ही एप्रोच पथ का कई हिस्सा दोनों साइड टूटकर बह गया। उधर स्थानीय ग्रामीण राजीव रंजन, मुकेश बैगा, अंगत सिंह, गौतम प्रसाद, किशोर कुमार सिंह, सिंटू सिंह, यशवंत कु सिंह विकास राम सकलदीप परहिया, पंकज परहिया, सतीश परहिया समेत अन्य लोगों ने बताया संवेदक वेहद घटिया नई सड़क बनाया गया है जो पूरी तरह से धंस गयी है, ठीक से स्टोन डस्ट की भराई नहीं की गयी है। सड़क की सही ढंग से अलकतरा व रोलर नहीं चलाई गयी आने वाले बरसात में यह और भी बड़ा रूप ले सकता है। पुल भी इसके चपेट में आ सकता त्वरित संज्ञान लेने की जरूरत है।

**जेइ ने कहा, जांच कर सड़क की जायेगी कार्रवाई :** इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के जेई ने कहा कि स्थल पर जांच कर संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी। तेज बारिश के कारण सड़क के दोनों साइड टूट गयी होगी।

## बीएलओ के लिए नेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड रांची के निर्देश पर लोहरदगा जिला में 07-16 जुलाई 2025 तक सभी बीएलओ के लिए नेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पांचवें दिन भी जिला परिषद लोहरदगा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने प्रशिक्षण की महत्ता बताई और प्रशिक्षण के बाद किये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आशुतोश कुमार, मास्टर ट्रेनर उदय कुमार महतो और रऊफ अंसारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 से संबंधित प्रशिक्षण मतदान केंद्र संख्या 201 से 250 तक को दिया गया। सभी बीएलओ के को 10-10 के समूह में क्षेत्र भ्रमण करते हुए निर्वाचन से संबंधित विषयों पर संवाद स्थापित कराते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी हेल्प डेस्क मैनेजर और निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## प्रिंस राज का आकांक्षा परीक्षा 2025 में चयन, राज्य के टॉप 50 में शामिल



**कुड़ू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय, माराडीह के मेधावी छात्र प्रिंस राज ने आकांक्षा परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट कलेट की तैयारी के लिए राज्य भर से चयनित 50 छात्रों में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। आकांक्षा योजना के तहत झारखंड सरकार द्वारा मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ कलेट की तैयारी के लिए चयनित छात्रों को दो वर्षों तक नि:शुल्क कोचिंग और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था की जाती है। प्रिंस की इस सफलता पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार साहू ने उन्हें सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। चिकित्सा अवकाश पर रहीं प्रभारी प्रधानाध्यापिका पुष्प निहारी बाखला ने भी दूरभाष के माध्यम से बधाई संदेश भेजा। प्रिंस राज की सफलता पर प्रशांत मुंडा, रामजी साहू, मुकेश कुमार यादव, तथागत साकेत, वर्षा नाग, संजय साहू, रमेश कुमार साहू, श्वेता एक्का, मंजू कुमारी, एच. कुजूर, निशा कुमारी, शनि कुजूर, विपिन किशोर लकड़ा, संगीता बाला, किशोरी रानी कुजूर, रश्मि केरकेट्टा, रजनी खेस, अनुपम मिंज, पूजा संध्या लकड़ा, आकाश कुमार, दानिश अख्तर, ओम नारायण, देवकी देवी आदि ने शुभकामनाएं दीं हैं और आशा व्यक्त की है कि प्रिंस राज भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और जिले का नाम और उंचाइयों तक पहुंचायेंगे।

## आरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के आरा गांव में दिनांक 12 जुलाई को ग्राम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां कुल 125 रोगियों की जांच की गयी, जिनमें मुख्यत: उच्च रक्तचाप, एनीमिया, त्वचा रोग आदि पाये गये, जिनके लिए नि:शुल्क दवाएं और उचित परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान 120 किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन और 50 जरूरतमंद महिलाओं को पोषण आहार की टोकरियां दी गयी।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार झारखंड शिक्षा परियोजना लातेहार के तत्वावधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु बीआरपी सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक लातेहार के सभागार में संपन्न हुआ। आज प्रशिक्षण के दूसरे व अंतिम दिवस का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विकास कुमार और दीपक कुमार के द्वारा दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के विकास की अहम कड़ी है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को कारगर और मजबूत बनाना जरूरी है। जिले के सभी बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण पलाश मॉड्यूल के अनुसार दिया जा रहा है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। उक्त प्रशिक्षण चर्चा में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य और दायित्व, नई शिक्षा नीति 2020, नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स, पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास, लेखा संधारण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, विद्यालय विकास योजना, मध्याह्न भोजन, आदर्श विद्यालय, मेरा विद्यालय मेरा अभियान, ड्राप आउट, शिशुपंजी अद्यतनीकरण, यू डायस आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। अपनी बात को एक दूसरे तक किस तरीके से पहुंचाया जाये। इसके लिए एक खेल खिलाया और सामूहिक रूप से मिलकर विद्यालय में सपोर्ट करना आदि बिंदुओं पर दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समयबद्ध कार्यक्रम है। जिसे माह अगस्त, 2025 से दिसंबर, 2025 तक पूर्ण किया जाना है। जिला लेखा पदाधिकारी सुरेंद्र भगत द्वारा सभी प्रशिक्षु को लेखा संधारण करने हेतु बतलाया गया। प्रशिक्षणचार्य में प्रखंड अधीन सभी बीआरपी, सीआरपी कन्हाई अग्रवाल, चंदन कुमार चंद्र, निरंजन कुमार सिंह, रणजीत कुमार पांडेय, संजू कुमारी, नीता कुमारी, धनंजय कुमार, जितेंद्र कुमार सहाय, अजीत सहाय, सुनील कुमार सिंह सहित जिले के सभी बीआरपी, सीआरपी उपस्थित थे।

## बारियातू में जंगली हाथी ने मचाया तांडव

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे और सदर पंचायत में शुक्रवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। बताया जाता है कि हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया था और रात्रि में सबसे पहले साल्वे पंचायत के रेंची गांव पहुंचा। जहां किसान सह झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव के एक एकड़ भूमि में लगे आम के फलदार पौधे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। इससे लगभग एक लाख रुपये की क्षति हुई है। पीड़ित किसान यादव ने घटना की जानकारी पंचायत मुखिया राजीव भगत को दी। मुखिया भगत ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के ग्रामीणों को एकत्र किया और ढोल-नगाड़ा, घंटा आदि बजाकर हाथी को गांव से भगाया। हाथी वहां से भागते हुए सदर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव के खेत में पहुंच गया। वहां भी उसने एक एकड़ भूमि में लगे आम के पेड़ को तहस-नहस कर दिया। प्रमोद उरांव को करीब एक लाख पचास हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही वनरक्षी मंगल सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा।

# ददई दुबे के अंतिम दर्शन को उमड़ी लोगों की भीड़, पार्थिव शरीर के इंतजार में घंटों सड़क पर खड़े रहे सैकड़ों लोग

## पुष्प वर्षा कर दी अंतिम विदाई, लगाया 'जब तक सूरज चांद रहेगा ददई तेरा नाम रहेगा' का नारा

**कई जगहों पर फफक-फफक कर रोते दिखे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता





**विश्रामपुर/पलामू।** कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री चंद्रशेखर उर्फ ददई दुबे का पार्थिव शरीर शनिवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंचा। यहां अपने चाहते नेता के अंतिम दर्शन के लिये लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। इसमें आम लोगों के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेता-कार्यकर्ता शामिल थे। अपने दिवंगत नेता के शव की एक झलक पाने के लिए इस दिन उमस भरी गर्मी में भी लोग सड़क किनारे घंटों खड़े रहे। पड़वा मोड़, बसाना, ब्रह्मोरिया, भंडार, गुरी, शंखा, कधवन, केतात, बी मोड़, बिड़ला मोड़, रेहला सहित दर्जनों जगह लोगों ने पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नाम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान लोग 'ददई दुबे अमर रहें' और 'जब तक सूरज चांद रहेगा ददई तेरा नाम रहेगा' का नारा लगा रहे थे। वहीं, ददई दुबे के अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, रुद्र कुमार शुक्ला, पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, अमृत शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय चौबे, खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, अधिवक्ता सुधीर चौबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रेम शंकर दुबे, अरविंद चौबे, शिवबंश मिश्रा, राजन पांडेय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, सलीमुदीन अंसारी, मणिभूषण पांडेय, विवेक शुक्ला, डॉ वीपी शुक्ला, डॉ डीपी शुक्ला, नरेश यादव, रिंकू सिंह, अशोक सिंह, पंकज कुमार लाल, संजय उपाध्याय, सुनील शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, विजय चौबे, डबल सिंह, सत्यनारायण तिवारी, सच्चितानंद शुक्ला, हरिद्वार तिवारी, अगस्त तिवारी, सुनील पांडेय, सुभाष पांडेय, प्रवीण सिंह, सतीश्वर प्रसाद सिंह, जिला पार्षद विजय रविदास, पवन शुक्ला, रासबिहारी शुक्ला, राजेश शुक्ला और बबलू चौबे आदि उपस्थित रहे।

### वाहन से 20 किमी की दूरी तय करने में 30 मिनट की जगह लगे तीन घंटे

पड़वा मोड़ से रेहला की दूरी करीब 20 किलोमीटर है, जिसे वाहन से तय करने में मात्र 30 मिनट का समय लगता है। लेकिन बाबा ददई दुबे के पार्थिव शरीर के साथ चल रहे काफिले को यह दूरी तय करने में तीन घंटे से भी ज्यादा समय लगा। हर जगह, हर चौक-चौराहा एवं गांव के सामने सड़क किनारे लोग स्व दुबे के अंतिम दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े दिखे। जिस मुक्ति वाहन में ददई दुबे का पार्थिव शरीर रखा हुआ था, उस पर लोगों ने पुष्प वर्षा किया। कई लोग अपने चाहते नेता के अंतिम दर्शन के समय श्रद्धांजलि देते हुए फफक कर रोने लगे।

### बिड़ला मोड़ में ददई दुबे को ग्रासिम परिवार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

बीमोड़ से जैसे ही ददई दुबे का पार्थिव शरीर बिड़ला मोड़ में पहुंचा वहां ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी, एचआर हेड, लाइजन हेड सहित कई लोगों ने पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# क्यूआर कोड स्कैन कर शिकायत करें, होगी त्वरित कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मेला क्षेत्र में जगह-जगह क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि श्रद्धालु किसी भी समस्या की शिकायत कर त्वरित समाधान पा सकते हैं। इस मेले में नई तकनीकों का उपयोग कर श्रद्धालुओं की सुविधा को बेहतर और सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है। प्रशासन का उद्देश्य है कि वे बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। श्रावणी मेला एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### वन भूमि की पहचान और प्रबंधन को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये जरूरी दिशा-निर्देश



**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले में वन भूमि की पहचान और प्रबंधन को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की। बैठक में वन भूमि की पहचान, सीमांकन और वन पट्टा वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को वन भूमि के प्रबंधन और उपयोग को बेहतर बनाने, वन अधिकारों को मान्यता देने एवं वन संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान वन भूमि के उपयोग के लिए दिए गए प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। बैठक का उद्देश्य वन भूमि के प्रबंधन और उपयोग में सुधार लाने के साथ ही वन संरक्षण को बढ़ावा देना है। डीसी के निर्देशों के बाद अधिकारियों ने वन भूमि की पहचान और प्रबंधन के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# ददई दुबे के निधन से कांग्रेस ने एक मजबूत नेता खोया : सुरेंद्र



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के दिग्गज नेता सह पूर्व मंत्री चंद्रशेखर उर्फ ददई दूबे के निधन के बाद पांकी क्षेत्र में शोक की लहर है। पांकी विस के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता सुरेंद्र यादव ने परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्वः ददई दूबे का जाना पलामू प्रमंडल में राजनीतीक के एक युग अंत हो गया है। मुखिया के चुनाव से लेकर उन्होंने मंत्री तक का सफर तय किया। राज्य में उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर पांकी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, महासचिव बंधु मियां, उपाध्याय विजय प्रसाद, शिव मालाकार, अभय वर्मा, महासचिव रविंद्र राम उर्फ छोटू, राधिका भुइयां, उर्मिला देवी, मो इंताफ मियां, रामावतार मिस्त्री और इकबाल मियां आदि ने शोक व्यक्त किया।

## हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड में डीसी ने की विभागवार समीक्षा बैठक

# टीबी के मरीजों को मंथली किट मुहैया कराने का निर्देश



हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय में समीक्षा बैठक करती पलामू डीसी समीरा एस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** डीसी समीरा एस ने शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। जिसमें नीति आयोग की ओर से निर्धारित विकास संकेतकों के आधार पर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने ब्लॉक सभागार में बैठक कर कुल 40 संकेतकों पर विभिन्न विभागों द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान निष्क्रिय एफपीओ को दोबारा सक्रिय करने अथवा नये एफपीओ का निर्माण करने, टीबी के मरीजों के लिए मंथली किट उपलब्ध कराने, बच्चों के विकास की निगरानी सही ढंग एवं नियमित रूप से कराने, महिला समूह को और सशक्त बनाने एवं अन्य महिलाओं को उसमें जोड़ने आदि को लेकर निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, जन धन खातों की संख्या आदि की भी जानकरी ली। इस मौके पर एसडीएम आशीष गंगवार, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, सीएचसी प्रभारी डॉ गोपाल प्रसाद, बीइइओ राकेश कुमार, जेएसएलपीए बीपीएम मुकेश कुमार, बीएओ ब्रजेश कुमार और आंगनबाड़ी प्रवेक्षिका निशी किरण आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बच्ची का एडमिशन कराने के निर्देश

समीक्षा के दौरान डीसी ने ब्लॉक में मौजूद एक बच्ची से संवाद किया। इस दौरान बच्ची के नाना ने डीसी को बताया कि उसकी मां का निधन हो गया है। वर्तमान में इसके पिता ने भी बच्ची का साथ छोड़ दिया है जिस कारण कोई भी कागजात बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डीसी ने बीडीओ को तत्काल उक्त बच्ची का रिलेशनशिप डॉक्यूमेंट, आधार कार्ड बनाने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने बीइइओ को बच्ची का एडमिशन सुनिश्चित कराने की बात कही। इस दौरान डीसी ने बच्ची को चॉकलेट भी दिया।

# सीओ एवं बीएओ ने किया बीज दुकानों का निरीक्षण





**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** डीसी के निर्देश पर शनिवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बीज दुकानों का सीओ चंद्रशेखर कुणाल एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीओ) शिव नारायण उरांव ने औचक निरीक्षण कर जांच की। अधिकारियों ने प्रखंड क्षेत्र के हंसा, चैनपुर बाजार स्थित खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण करने के साथ ही दुकानदारों से उचित मूल्य में गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद की बिक्री करने का निर्देश दिया। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर, क्रय लिस्ट, बिक्री रसीद एवं लाइसेंस संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच भी की गयी। सीओ चंद्रशेखर कुणाल एवं बीओ शिव नारायण उरांव ने कहा कि किसानों से अधिक मूल्य लेकर बीजों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि खाद और बीज की बिक्री निर्धारित दर पर ही की जाए और किसानों को इसका रसीद देना भी अनिवार्य है। साथ ही सभी दस्तावेज अद्यतन रखने और किसानों से पारदर्शिता के साथ व्यवहार करने का निर्देश भी दिया। इसके बाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिव नारायण उरांव ने किसानों से भी बात की और उन्हें जागरूक किया कि वे खाद या बीज की खरीदारी करते समय रसीद अवश्य लें। किसी प्रकार की गड़बड़ी या कालाबाजारी की सूचना तुरंत दें।

## समता स्कूल में पर्यावरण संतुलन को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत अमन चैन मुहल्ला एवं जपला-छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा स्थित संचालित समता स्कूल परिसर में शनिवार को पर्यावरण को संतुलित, स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं में मिलकर वृक्षारोपण कार्य को सफल बनाया। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने बताया कि पेड़-पौधे लगाने से कई फायदे हैं। ये न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मानव स्वस्थ और सामाजिक जीवन के लिए भी लाभदायक है। जल संरक्षण में भी मदद करते हैं। मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। पेड़-पौधे फल-फूल और लकड़ी जैसी कई उपयोगी चीजे देते हैं। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षकेत्तर एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में सैनिटरी नैपकिन का प्लांट दोबारा शुरू होगा, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**- महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना जेएसएलपीएस की प्राथमिकता : कार्यक्रम प्रबंधक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में पलास जेएसएलपीएस के तत्वाधान में सैनिटरी नैपकिन यूनिट फिर चालू करने को लेकर शनिवार को सैनिटरी नैपकिन उत्पादक समूह की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार ने की। इस दौरान सैनिटरी नैपकिन यूनिट को दोबारा चालू करने, सुरक्षा व्यवस्था और मार्केटिंग आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। उत्पादक समूह के सदस्यों ने निर्णय लिया कि उक्त भवन में पथरा संकुल संगठन का भी कार्यालय खोला जाएगा। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से अंदर और बाहर कई सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। विदित हो कि जून 2022 में चोरी की घटना के बाद से उक्त यूनिट को बंद कर दिया गया था। जिसे पुनः चालू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। आवेदन देकर यूनिट को फिर से चालू करने की अनुमति मांगी गयी है। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों का गठन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। कई रोजगारोन्मुखी योजना का सफल संचालन महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से किया जा रहा है। क्षेत्र की महिलाएं समूह से जुड़कर स्वरोजगार से जुड़े यह जेएसएलपीएस की प्राथमिकता है। बताया कि प्लांट शुरू होने से समूह की दर्जनों महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा। यूनिट शुरू होने के बाद क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं महिलाओं-बालिका से संबंधित अन्य संस्थान में आपूर्ति की योजना है। इस मौके पर उत्पादक समूह की अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव निर्मला देवी, रंजू देवी, मीरा देवी, निशु देवी और रीना देवी आदि उपस्थित थीं।

## विधायक की पहल पर मिला नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में हर्ष




**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** नीलांबर-पीतांबरपुर अंतर्गत गोपालगंज में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की पहल पर 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। बतातें चलें कि यहां पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था। विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता ने इसकी सूचना विधायक को दी थी। विधायक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग से संपर्क कर 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। शनिवार को उक्त ट्रांस्फॉर्मर का उद्घाटन विधायक के निर्देश पर निजी सचिव प्रो बचन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, प्रमुख सुनील कुमार पासवान और समाजसेवी कमेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा ने कहा कि विधायक ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करते रहते हैं। उधर, ट्रांसफार्मर लगते ही गांव के लोगों में खुशी देखी गयी। लोगों ने नया ट्रांस्फॉर्मर पाकर विधायक को बधाई दी। इस मौके पर संजय पांडे, विजय माली, विरेंद्र प्रसाद, अमलेश राम, उमेश रवि और शिवशंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# कमल फूल तोड़ने तालाब में उतरे व्यक्ति की डूबने से हुई मौत

**सारठ/देवघर (आजाद सिपाही)।** पथरड्डा ओपी क्षेत्र के गोबरशाला गांव स्थित बड़का तालाब में शनिवार को कमल फूल तोड़ने तालाब में उतरे 47 वर्षीय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान परितोष तिवारी के रूप में हुई है। वह सारठ थाना क्षेत्र के बामनगामा तिवारी टोला का रहने वाला था। इस दिन सुबह 11 बजे दर्जनों ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद तालाब से परितोष का शव बाहर निकाला गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए देवघर रेफर कर दिया है। इधर, घटना को लेकर मृतक के परिजन सह भाजपा नेता संतोष तिवारी ने बताया कि परितोष शुक्रवार की शाम में कमल फूल तोड़ने गोबरशाला के बड़का तालाब में उतरा था। जहां डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि परितोष प्रति वर्ष सावन महीने में बामनगामा एवं आसपास के गांवों के तालाबों से कमल फूल तोड़कर देवघर ले जाकर बाबा मंदिर के किसी फूल दुकान में बेचता था। संतोष तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की देर रात तक परिजन एवं ग्रामीण तालाब में उतरकर शव की तलाश करते रहे, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद शनिवार की सुबह पथरड्डा पुलिस को सूचना देकर एनडीआरएफ की टीम को बुलवाने की अपील की गयी। तभी गुंजन तिवारी, रोशन तिवारी, लक्ष्मण पांडेय, श्रवण पांडेय, रमेश तिवारी, गुड्डु तिवारी, अमित तिवारी सहित दर्जनों ग्रामीण मृतक के शव की तलाश में दोबारा तालाब में उतरे और काफी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर लिया। संतोष तिवारी ने बताया कि मृतक घर का अकेला कमाने वाला था। पिता कारू तिवारी की मौत पहले ही हो चुकी है। छोटे भाई की भी कैंसर से दो साल पहले मौत हो गई है। जिसके बाद से घर की पूरी जिम्मेदारी परितोष तिवारी के कंधों पर आ गयी थी। हाल ही में छोटे भाई की पुत्री की शादी भी परितोष ने कराई थी। वह अपने पीछे पत्नी चांदनी देवी, दो पुत्र, बूढ़ी मां और छोटे भाई की पत्नी एवं पुत्र को छोड़ गया है।

## बुढ़ैई थाना में 10 लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज





**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत बुढ़ैई थाना में रांची बिजली वितरण निगम लिमिटेड प्रबंधन निदेशक के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल मधुपुर के सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में भीखनाडीह और भीखनाडीह राउत टोला में औचक छापामारी की गई। इस दौरान 10 लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार ने इस संबंध में बुढ़ई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सात ही उनके खिलाफ एक लाख 61 हजार 400 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# मलय डैम बना पर्यटकों की पहली पसंद



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के मुरमा स्थित मलय डैम इन दिनों पर्यटकों को खूब लुभा रही है। जून माह में लगातार बारिश होने से जुलाई माह के पहले सप्ताह में ही डैम के स्पेलवे से पानी ओवरफ्लो होना शुरू हो गया, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्पेलवे से गिरता हुआ पानी ऊंचे पहाड़ों से गिरता हुआ जलप्रपात की तरह दिखाई पड़ता है, जो सैलानियों को काफी आकर्षित कर रहा है। यह डैम प्राकृतिक रूप से काफी खूबसूरत है, क्योंकि यह पहाड़ों से घिरा और 5 से 6 किलोमीटर में फैला हुआ है। मलय डैम लॉकडाउन के समय भी लबालब भर गया था और ओवरफ्लो हो रहा था। उसके बाद मीडिया में इस खबर को प्रकाशित किया गया, जिसके बाद से यह काफी चर्चित हो गया। यही कारण है कि पूरे पलामू प्रमंडल के लोग घूमने परिवार के साथ यहां जाते हैं। डैम में दर्जनों मोटर बोट और पेंडल वोट चलते हैं, जिसका आनंद सैलानी परिवार के साथ लेते हैं। वर्तमान में युवाओं की काफी भीड़ पहुंच रही और वे डैम में नहाते देखे जा रहे है। जो चिंता का भी सबब बना हुआ है। डैम के निर्माण का मुख्य कारण सिंचाई करना और किसानों को लाभ पहुंचाना था। मलय डैम के पानी से सतबरवा और सदर प्रखंड के सैकड़ों गांवों की खेती होती है। साथ ही यह मछली पालन का एक बड़ा केंद्र भी है। यहां की मछली पूरे पलामू में प्रसिद्ध है। यह डैम सतबरवा प्रखंड मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित है। यहां जाने के लिए अपने निजी वाहन का उपयोग किया जा सकता है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 13 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



## ददई दुबे के निधन पर गुमला के कांग्रेसियों ने जताया शोक

गुमला (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद ददई दुबे का गुरुवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनके निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने शोक जताते हुए कहा कि ददई दुबे झारखंड के गढ़वा जिले के चोका गांव के निवासी थे। उन्होंने पलामू जिले के विश्रामपुर विधानसभा सीट से छह बार विधायक रहे और धनबाद लोकसभा सीट से सांसद भी रहे। वे अविभाजित बिहार में श्रम मंत्री रहे और झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में भी इसी पद पर रहे थे। उन्हें एक जुझारू नेता के रूप में जाना जाता है। जिन्होंने हमेशा मजदूरों और गरीबों की आवाज उठायी। शोक जताने वालों में दीपनारायण उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, हेमावती लकड़ा, अमर प्रदीप कुजूर, हिमेश कुमार सहित अन्य है।

## नगफेनी टोल प्लाजा कर्मियों की मनमानी का चेंबर ने किया विरोध



गुमला (आजाद सिपाही)। पलमा - गुमला फोरलेन स्थित नागफेनी में बने टोल प्लाजा के कर्मियों द्वारा मनमानी किये जाने का गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने विरोध किया है। चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह ने बयान जारी कर कहा कि नागफनी में बने टोल प्लाजा की मनमानी समझ से परे है। टोल प्लाजा बिना जानकारी के बिना रोड मुकम्मल हुए अचानक से चालू कर देना अजब मालूम पड़ता है। अभी रोड का काम चल ही रहा है और टोल प्लाजा में मनमानी ढंग से चार्ज वसूला जा रहा है। जो यात्री 20 किलोमीटर के अंदर के हैं उनसे भी पैसा वसूला जा रहा और स्थानीय लोग विरोध करना चाह रहे हैं या अपनी बात रखने की बात करते हैं तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। चेंबर इसका विरोध करती है और गुमला उपयुक्त से मांग करता है कि इस पूरे मामले में हस्तक्षेप करें ताकि इस मामले का निराकरण हो सके।

## कांग्रेस के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण सोमवार को



गुमला (आजाद सिपाही)। स्थानीय नगर भवन में 14 जुलाई यानी सोमवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से कांग्रेस पार्टी के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन जिला के कांग्रेसी शामिल होंगे। जिसमें गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा के सदस्यगण रहेंगे। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस पार्टी के गुमला जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी के. राजू , सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की, सांसद लोहरदगा सुखदेव भगत, खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, प्रभारी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, जिला प्रभारी विधायक भूषण बाड़ा, प्रदेश प्रशिक्षक सुभाष नाग सहित प्रदेश के वरीय नेतागण विशेष रूप से सम्मिलित रहेंगे।

## इ-केवाइसी को लेकर समीक्षा बैठक



चैनपुर (आजाद सिपाही)। गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित निर्देशानुसार चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा ई केवाईसी को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकान में पारदर्शिता लाने व सुविधाजनक तरीके से संचालित करने से सम्बंधित कई बिंदुओं पर गहनता पूर्वक दुकानदारों से समीक्षा कर कई निर्देश दिए। मौके पर मुख्य रूप से सहायक गोदाम प्रबंधक संदीप टेटे, कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष भगत सहित प्रखंड के जन वितरण दुकानदार उपस्थित थे।

### घाघरा में अंचल दिवस का हुआ शुभारंभ, जिले के सभी अंचलों में की जायेगी शुरुआत

# जमीन से संबंधित समस्याओं का होगा ऑन द स्पॉट निष्पादन : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित की अनोखी पहल ने जमीन विवाद निपटारा के लिए अंचल दिवस का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता गुमला उपायुक्त ने की। अंचल दिवस का शुभारंभ डीसी प्रेरणा दीक्षित, सीओ आशीष कुमार मंडल व बीडीओ दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि सबसे अधिक जमीन विवाद का ही मामला ही आता है। इसलिए मैंने अंचल दिवस सभी प्रखंडों में आयोजन करने का योजना बनाई। जिसकी शुरूआत शनिवार को घाघरा से की गयी। साथ ही डीसी ने बताया कि जिले के तमाम प्रखंड में कैलेंडर तैयार किया गया है, जिससे सभी अंचलों में अंचल दिवस आयोजन सुविधा पूर्ण तरीके और ऑन द स्पॉट निपटारा किया जा सके। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने मौजूद लोगों से कहा कि किसी



भी मामले का सर्वप्रथम अंचल में सुनवाई होगा, तत्पश्चात अगर उस मामले का निपटारा अंचल दिवस में नहीं हो सका तभी वह गुमला मेरे पास मामला को लेकर आये। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन जमीन विवाद के समाधान को लेकर इतनी गंभीर है कि अंचल दिवस के अतिरिक्त प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार व शनिवार को एलआरडीसी और एसडीओ के कार्यालय कक्ष में शिविर लगाया जायेगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा विवाद को सुलझाया जा सके।

सीओ ने कहा कि वहीं मौजूद अंचलधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि थाना दिवस जमीन से संबंधित मामलों को करीब 80% समाधान किया जाता रहा है। अंचल दिवस कार्यक्रम कर बाद डीसी प्रेरणा दीक्षित ब्लॉक परिसर में स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा व घाघरा के टोंकाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने विद्यार्थियों से लाइब्रेरी की सुविधा को पूछा व और अधिक मोटिवेट करने का निर्देश देते हुए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को कहा। वहीं डीसी ने सीएचसी घाघरा में मेडिकल हॉल, ओपीडी रूम लेबर रूम सहित डायलिसिस सेंटर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**इनडोर स्टेडियम कि मांग के लिए दिया गया आवेदन :** अंचल दिवस में सुनवाई के दौरान घाघरा के युवा वर्ग उपायुक्त से मिलकर इनडोर स्टेडियम निर्माण की मांग रखी। युवाओं ने उपायुक्त से कहा कि घाघरा में इनडोर स्टेडियम की आवश्यकता है।

**61 मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन :** अंचल दिवस में 102 मामला का आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें से 61 मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। इस मौके पर घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी पुनीत मिंज, बीपीओ बेबी कुमारी, पुष्पा टोप्पो, अशोक कुमार, नीतीश कुमार, सतीश बंसल सहित प्रखंड व अंचल कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

## आंजन धाम टोल प्लाजा में वाहन शुल्क वसूली में स्थानीय लोगों को छूट नहीं देने पर बवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** गुमला से पलमा तक एन एच 23 में फोरलेन सड़क जिसकी दूरी 63 किमी है। वर्तमान में 61 किमी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं भरनो में 1 किमी और उससे आगे 1 किमी तक का निर्माण अधूरा है। 61 किमी सड़क का निर्माण पूरा हो जाने पर सिसई प्रखंड के नागफेनी में नवनिर्मित टोल प्लाजा है, जिसका नाम आंजन धाम टोल प्लाजा नाम दिया गया है का शुक्रवार 11 जुलाई को उद्घाटन कर दिया गया। वहीं इस टोल प्लाजा से गुजरने वाले निजी वाहनों पर स्थानीय लोगों को वाहन शुल्क में कोई भी प्रकार का छूट नहीं दिया जा रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों से मासिक पास के नाम पर 360 रुपये प्रति माह देने के लिए अमृतपाल सिंह टोल शुल्क वसूली एजेंसी के प्रबंधकों द्वारा मांग किया जा रहा है, जिसपर स्थानीय लोग भारी आक्रोशित हैं और जमकर बवाल



कर रहे हैं। लोगों की समस्याओं को लेकर शनिवार को प्रखण्ड कार्यालय सभागार में आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद सदस्य उतरी विजयलक्ष्मी कुमारी, अनुमंडल अधिकारी राजीव नीरज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रोशन खलखो, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, एनएचएआई के परियोजना निदेशक राजीव रंजन, अमृतपाल सिंह वाहन शुल्क वसूली के प्रबंधक व जेएमएम नेता उमर फारूख अंसारी शामिल थे।

## डीएसई ने तर्री स्कूल का किया निरीक्षण एचएम और सीआरपी का रोका वेतन

**गुमला।** जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम ने शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय तर्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालय के जर्जर भवन, साफ सफाई की कमी, उपस्कर एवं पुस्तकों के समुचित रख रखाव में कमी एवं प्रबंधन समिति व शिक्षकों के बीच समन्वय की कमी के कारण एचएम की लापरवाही करार देते हुए शॉ काज किया। सीआरपी और एचएम का वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया। ज्ञात हो कि तर्री स्कूल जिला मुख्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। भवन दो तल्ला और मजबूत हैं लेकिन छत पर जमा गंदगी, जल जमाव और वर्षा के पानी के रिसाव के कारण भवन के चारों ओर का छज्जा टूट कर गिरने लगा है। एक कमरे में नए पुराने पुस्तक रखे गये हैं जिसमें धूल की परत जम गयी है। मध्याह्न भोजन



बनाने के लिए नये बर्तन जरूरी खरीदे गये हैं, जिसे स्कूल से बाहर रखा गया था। अधिकारियों की उपस्थिति में नया बर्तन आज स्कूल लाया गया। डीएसई के सवाल पर एचएम सर्वेश्वर कुमार मौन थे। अधिकारी के मांग पर एचएम ने कैश बुक, रिकार्ड आदि प्रस्तुत नहीं किये। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक की कार्यवाही भी संतोषजनक नहीं पायी गयी। डीएसई ने स्कूल को मिलने वाले मद से प्राथमिकता के आधार पर काम करने का निर्देश दिया। कहा कि सोमवार से मजदूर लगाकर विद्यालय भवन को दुरुस्त करें। निरीक्षण में बीपीओ ओम प्रकाश दास, एई शमशाद अली, जेई जुल्कर रैन आदि शामिल थे।

## सभी को पौधा लगाना चाहिए : संजय अग्रवाल



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया गुमला में शांति इंडस्ट्री गुमला के द्वारा शुक्रवार को 100 पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला, शांति इंडस्ट्री संजय अग्रवाल के द्वारा विद्यालय प्रांगण में आवला, अनार, अर्जुन, नीम, महोगनी सहित कई पौधे लगाये गये। संजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को हर मौके पर पेड़ पौधा लगाना चाहिए। कोरोना काल ने हमें इस बात की अच्छी सीख दी की ऑक्सीजन की कितनी आवश्यकता हमें पड़ती है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला ने कहा कि संस्था के द्वारा पौधारोपण कर बेहतर कार्य किया जा रहा है और भी सामाजिक संगठन इस तरह के कार्य करे और लोगों को बताए कि पेड़ पौधे हमारे जीवन में कितने महत्व रखते है उसके बिना बिना जीवन संभव नहीं है। इस मौके पर मुख्य रूप से शांति इंडस्ट्री के संजय अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शुक्ला, किरण तिवारी, बीके मंगल भाई, पंकज कुमार सहित काई लोग मौजूद थे।

## बघिमा में बाइक चेकिंग अभियान में 45 हजार वसूले गये



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के द्वारा पालकोट थाना के अंतर्गत बघिमा में मोटरसाइकल चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जागरूकता के साथ चालान काटा गया। सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा पालकोट थाना के अंतर्गत बघिमा मे बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने 25 लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगों को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। विभिन्न वाहनों के आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर वसूले गये 45,000 रुपये वाहन चेकिंग के दौरान कई वाहनों के आवश्यक कागजात नहीं मिले। जिसके कारण दंड स्वरूप राशि वसूली गयी। साथ ही कागजात बना लेने का निर्देश दिया गया।

## तेज रफ्तार स्कूली बाइकर्स को थाना प्रभारी ने पकड़ा, चेतावनी देकर छोड़ा



गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के सिसई रोड स्थित छठ तालाब के पास शनिवार को गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने स्कूली छात्रों को बाइक के साथ पकड़ा। जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। दोबारा गलती पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई की बात कही। शनिवार दिन के 1 बजे अचानक थाना प्रभारी सिसई रोड पहुंचे उस समय संत पात्रिक स्कूल और संत इग्नासियुस स्कूल का छुट्टी हुआ था। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि स्कूली छात्र तेज रफ्तार से बाइक चलाते हैं। इसके बाद छठ तालाब के पास चेकिंग की गयी, जिसमें ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट और नाबालिक छात्रों को तेज रफ्तार से बाइक चलाते पकड़ा गया। वहीं थाना प्रभारी ने सभी पकड़े गये छात्रों के परिजनों से फोन पर संपर्क किया और उन्हें कड़ी चेतावनी दी। कहा कि दोबारा गलती पाये जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं छात्रों ने कान पकड़कर दोबारा गलती नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रिंसिपल को भी इस बात की जानकारी दी जायेगी।

## ऑटो और कार में हुई सीधी भिड़ंत, दो घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला सिसई रोड स्थित करम डीपा के समीप शुक्रवार की शाम 7 बजे कार व ऑटो में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में ऑटो में सवार कुम्हारिया पंचायत के हड़ुआ टोली गांव निवासी बहुरन महली और उसकी पत्नी मारवाड़ी महली गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में दोनों के सिर व शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए पुत्र राजेश महली ने बताया मेरी मां कुछ दिन पूर्व मेहमान गई थी। शुक्रवार की शाम बस से गुमला लौटी। पिता ऑटो लेकर बस पड़ाव से उसे लेने गए थे। घर आने के क्रम में करम डिपा के पास कार से सीधी भिड़ंत हो गई। घटना में कार सवार को भी हल्की चोट लगी है। कार में सवार लोग रांची से छत्तीसगढ़ जा रहे थे।

## छात्रा को सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

गुमला (आजाद सिपाही)। बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाटा लोया गांव में बकरी चराने के क्रम में विजय साहू के 10 वर्षीय पुत्री श्वेता उरांव को एक जहरीले सांप ने पैर में डस लिया। घटना के बाद छात्रा किसी तरह घर आई और परिजनों को घटना की जानकारी दी परिजन तत्काल उसे रेफरल अस्पताल बसिया ले गये, जहां से गुमला रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की रात 9:00 बजे छात्रा को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## जीवन को सफल और सार्थक बनायें: अखिलेश

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में मेधावी छात्र सम्मान का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में विद्या विकास समिति झारखंड के योजनानुसार संकुल स्तरीय कक्षा दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में गुमला संकुल के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 33 छात्र छात्राएं सम्मानित हुए। विभाग प्रमुख अखिलेश



कुमार छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के साथ जीवन का सार्थक होना भी अनिवार्य है। विद्यार्थी खुद के अंदर कौशल का विकास करें। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, सचिव विजय बहादुर सिंह प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, एकलव्य मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार तथा सिसई विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार वर्मा ने मां सरस्वती, ओम तथा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## पेसा कानून लागू कराने के लिए लिट्टा टोली से राजभवन तक पदयात्रा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** केंद्रीय सरना समिति ने निशा भगत के नेतृत्व में पेशा कानून लागू कराने को लेकर लिट्टा टोली गुमला से राजभवन रांची तक के लिए पदयात्रा करने से पहले लिट्टा टोली में स्व कार्तिक उरांव व उनकी पत्नी स्व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर पाहान पुजार के द्वारा पूजा अर्चना कराते हुए उनके समाधि पर निशा भगत, एंजेल लकड़ा, खुश्बू एवं केंद्रीय सरना समिति के पदाधिकारियों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। एवं इसके साथ ही पदयात्रा का शुभारंभ किया गया।

सिसई कुम्हार मोड़ पहुंचने पर सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जलेश्वर उरांव, सचिव रोपना उरांव, कोषाध्यक्ष गंदूर भगत व आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, सचिव सच्चिदानंद उरांव संजय भगत, सोमेश उरांव, जगदेव उरांव, सुखदेव उरांव, रामनिवास उरांव एवं आदिवासी महिलाओं में बसंती देवी, सुधैन उरांव, ऐतवारी, रामरति, रितु, ललिता उरांव, स्वाति उरांव, उर्मिला उरांव ने माला पहना कर पदयात्रा में शामिल लोगों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान निशा भगत ने राज्य सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार हम आदिवासियों को छलने का काम कर रही है। हमलोगों सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते आयी है। हमें हमारे हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है।




# इटली ने पहली बार टी-20 वर्ल्डकप के लिए किया क्वालिफाई

## नीदरलैंड ने भी अपना स्थान पक्का किया, अगले साल भारत-श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट

एजेंसी

**लंदन।** इटली ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह पहली बार होगा जब टीम वर्ल्डकप का हिस्सा होगी। उनके साथ नीदरलैंड ने भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दोनों टीमों ने यूरोपियन क्वालिफायर में टॉप-2 स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की।

पिछले चार टी-20 वर्ल्डकप का हिस्सा रह चुके स्कॉटलैंड को जर्सी के खिलाफ आखिरी गेंद पर




हार झेलनी पड़ी और वे क्वालिफाई करने से चूक गए। उन्हें चार मैचों में सिर्फ एक मैच में जीत मिली।

**नीदरलैंड ने इटली को 9 विकेट से हराया :** 11 जुलाई 2025 को खेले गये यूरोपियन क्वालिफायर के आखिरी मुकाबले में इटली का सामना नीदरलैंड से हुआ। हालांकि इटली को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे उनके टी-20 वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने पर कोई असर नहीं पड़ा। मैच में इटली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बनाये। जवाब में नीदरलैंड की टीम 16.2 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

**जर्सी जीत के बावजूद चूका :** आखिरी मैच में एक विकेट से जीत के बावजूद जर्सी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इटली और जर्सी दोनों के पास पांच-पांच पॉइंट्स थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण इटली 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने में सफल रहा।

**5 टीमों की जगह खाली :** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 भारत और श्रीलंका में खेला जायएगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और कनाडा पहले ही पहुंच चुके हैं। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी, ऐसे में 5 टीमों की जगह खाली है।

## भूतपूर्व सैनिक के घर से लाखों की चोरी

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड स्थित भूतपूर्व सैनिक के घर से दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए का जेवरात सहित नगद पैसा का चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार पीड़िता ललिता देवी ने बताया कि छुट्टी के बाद जब बच्चा को घर लेकर आयी, तो ललित ने देखा कि अंदर का दरवाजा का ताला गायब है और दरवाजा ढका हुआ है। जैसे ही अंदर घुसी और कमरे में गयी, तो देखा कि दो गोदरेज का लॉक तोड़कर गोदरेज में रखें एक सोना व एक चांदी का मंगलसूत्र, 6 जोड़ी सोना का कान का, नाक का तीन नथिया, दोघाघरा प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड स्थित भूतपूर्व सैनिक के घर से दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का जेवरात सहित नगद पैसा का चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार पीड़िता ललिता देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने बच्चों को एजी चर्च स्कूल पहुंचने के लिए गयी थी।

## मिशन बदलाव ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया



गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव टीम ने 13 दिन पूर्व 32 मजदूरों के लगभग 8 लाख बकाया के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया था। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और मुरकुण्डा के सभी पीड़ित मजदूरों को खाद बीज एव अन्य समाग्री कृषि पदाधिकारी और श्रम अधिक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराया। उपायुक्त के इस कार्य की सराहना करते हुए मिशन बदलाव ने उनका आभार व्यक्त किया है। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि आगामी 22 जूलाई को मजदूरो के बकाया राशि को लेकर ठेकदारो को श्रम आधीक्षक के यहॉ बुलाया गया है और बकाया राशि भी दिलाने के लिए पहल की गई है। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि रांची जिला के कांके प्रखंड में गुमला सदर के 32 मजदूर इन्ट भट्ठा में कमाने के लिए गए हुए थे। वहां 6 महीना लगभग काम किया और ठेकेदार के द्वारा लगभग 8 लख रुपए का बकाया मजदूरों को देने में आना कानी किया जाने लगा। मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने लगभग 20 दिन बिता दिए हैं उसके बाद में भी लगातार मजदूरी के लिए टालमटोल कर रहे हैं मिशन बदलाव के भूषण भगत ने श्रम अधीक्षक को दूरभाष के माध्यम से मजदूरी के मामलों को लेकर अवगत कराया और गुमला डीसी से मज्दुर की समस्या को लेकर बात की और डीसी को व्हाट्सएप और लेटर के माध्यम से सभी मामलों को लेकर अवगत कराया।

## धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में भी आयोजित किया गया रोजगार मेला

# 143 चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शनिवार को पूरे देश के 47 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। पीएम मोदी ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी किया। इसी कड़ी में धनबाद जिले में धनबाद मंडल के रेलवे ऑडिटोरियम में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया। यहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए कुल 143 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ राज भूषण चौधरी समेत अन्य अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामानाएं दीं। धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में केंद्रीय राज्यमंत्री (जल शक्ति मंत्रालय) डॉ राज भूषण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। धनबाद के सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा और विधायक मथुरा प्रसाद महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र समेत मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पीएम मोदी के प्रति जताया आभार

धनबाद के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने बताया कि यह रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। आशा है कि यह रोजगार मेला आगे चलकर रोजगार सृजन में उत्प्रेरक का काम करेगा और युवाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी के सार्थक अवसर प्रदान करेगा। अतिथियों ने प्रधानमंत्री मोदी को इस पहल के लिए कोटि-कोटि आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कतरास के युवक को सौंपा नियुक्ति पत्र



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ओडिशा के भुनेश्वर में आयोजित रोजगार मेला में कतरास के लेढ़िडूमर निवासी राजपूत समाज के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रामबालक सिंह के अनुज प्रसाद सिंह के बड़े पुत्र शुभम कुमार सिंह को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं भुनेश्वर रेल डिविजन के महाप्रबंधक परमेश्वर पंकवाल ने अपने हाथों से नियुक्ति पत्र दिया। इसके बाद शुभम ने तुरंत अपने पिता के बड़े भाई राम बालक सिंह को फोन कर इसकी जानकारी दी। वहीं, शुभम ने आजाद सिपाही से बातचीत में कहा कि मन में सच्ची लगन हो तो मंजिल हासिल करना कठिन नहीं होता है। वहीं, रामबालक सिंह ने बताया कि शुभम ने मैट्रिक तक की पढ़ाई डीएवी बरोरा में की है। इसके बाद धनबाद गवर्नमेंट कॉलेज से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई किया और आज उसे भुनेश्वर में टेक्नीशियन के पद का नियुक्ति मिली गै। इस खबर से पूरा परिवार बेहद खुश है। वहीं, धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जनम जय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महामंत्री शिरीष सिंह, कोषाध्यक्ष राम चरित सिंह, जोनल अध्यक्ष नीपू सिंह, प्रभाष सिंह, सुचिन सिंह, अतुल सिंह, मानिक सिंह आदि ने शुबम को बधाई दी है।

## स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नालसा एवं झालसा के तत्वाधान में चलाए जा रहे जागृति योजना के तहत शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर धनबाद जिले के सभी लीगल लिटरेसी क्लब में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इससकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि स्कूलों में डालसा की टीम ने बच्चों को मौलिक अधिकार, कर्तव्य, बाल विवाह, बाल श्रम आदि विषय पर जानकारी दी। डालसा की टीम में डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, पंकज वर्मा निमय प्रमाणिक, नवीन कुमार शामिल थे। वहीं, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी अधिकार मित्रों ने छात्र-छात्राओं को विशेष जानकारी दी। इस दौरान विधिक सहायता के लिए नालसा टोल फ्री नंबर 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आदि की विशेषताओं के बारे में बताया गया।

## मथुरा महतो ने ट्रेन हादसे में मारे गये दो मजदूरों की माताओं को सौंपा एक-एक लाख का चेक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ में ट्रेन की चपेट में आने से तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा निवासी कृष्णा राय और डिलू राय की मौत विगत दिनों हो गयी थी। शनिवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दोनों दिवंगत मजदूरों की माताओं राधिका देवी एवं पुनकी देवी को एक-एक लाख रुपए का चेक सौंपा। साथ ही मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विधायक ने बताया कि विगत 10 मई को तोपचांची थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पंचायत के ब्रहमडिहा गांव से 12 मजदूर, उत्तर प्रदेश के बनारस में रहने वाले ठेकेदार हर्षित सिंह के माध्यम से, छत्तीसगढ़ के डायनासोर कंपनी में काम करने गए थे। मजदूरों के साथ 600 रुपये दैनिक मजदूरी तय हुई थी। पर काम करा कर उन्हें 400 रुपये के हिसाब से मजदूरी दी गई। इसका विरोध करने पर कंपनी के सुपरवाइजर ने स्थानीय लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की और उन्हें खदेड़ने लगे। भागने के क्रम में कृष्णा राय एवं डिलू राय भयभीत होकर रेलवे लाइन पर दौड़ने लगे। इस क्रम में वे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गयी थी। जबकि दो अन्य मजदूर अजय राय एवं विकास हेमब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद 11 जून को डीसी के निर्देश पर अंतर राज्य प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना के तहत मृत्यु के उपरांत मृतकों के आश्रितों को शव लाने के लिए तत्काल 50-50 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई थी। इस मौके पर टुंडी विधायक के प्रतिनिधि मदन महतो, मनोज कुमार महतो, विकास महतो, आनंद महतो, अर्जुन महतो, श्रम कार्यालय के मन्नु कुमार सिन्हा, प्रमोद प्रसाद और इंद्रजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## जनसंख्या वृद्धि देश-दुनिया के लिए गंभीर चुनौती: शारदा सिंह




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सदर अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण के महत्व को रेखांकित किया। कहा कि जनसंख्या वृद्धि हमारे देश और दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है, जिससे पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवाएं और आर्थिक विकास सभी प्रभावित हो रहे हैं। यह आवश्यक है कि हम जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाएं और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम उठाएं। इस अवसर पर परिवार कल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और सेवा प्रदाताओं को प्रेरित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
rdsdgumla123@gmail.com.

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 745 दिनांक 07.07.2025 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **RDD/SD/GUMLA/05/2025-26** जिसका पी०आर०(PR) सं०– 356851 Rural Development (25-26).D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 05.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 07.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 357119 Rural Development(25-26)D


## डीसी ने किया शराब दुकान का औचक निरीक्षण, 23 दुकानों का संचालन शुरू



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील सिटी के सेक्टर-वन स्थित शराब दुकान का डीसी अजय नाथ झा ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकान में रखे स्टॉक पंजी का अवलोकन किया और अब तक की खरीद-बिक्री की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। सभी रिकॉर्ड अपडेट और सुस्पष्ट होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने दुकान में प्रतिनियुक्त कर्मियों से जानकारी ली और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया कि वह तय नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। ग्राहकों को शराब की बिक्री तय दर पर की जाए। मौके पर उपस्थित सहायक उत्पाद आयुक्त उमा शंकर सिंह को दुकान में प्रतिदिन हो रही शराब की बिक्री का एक कच्चा रजिस्टर्ड विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। डीसी ने बताया कि जिले की कुल 41 शराब दुकानों का संचालन आगामी दो माह तक प्रशासन की देख रेख में किया जाएगा। इस अवधि में सभी दुकानों के कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप जिले की 23 शराब दुकानों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। शेष 18 दुकानों का संचालन भी अगले एक-दो दिनों में प्रारंभ कर दिया जाएगा। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे संचालन की तैयारी और आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करें।

## बीएसएल और झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के 10 अधिकारी पुरस्कृत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात संयंत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड स्कीम' के पुरस्कार वितरण का आयोजन बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में हुआ। बोकारो निवास में आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थिति थे। इस दौरान बीएसएल और झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस के कुल 10 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। 'एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड' प्राप्त करने वालों में बीएसएल के चंद्रशेखर कुमार, उप महाप्रबंधक (सीआरएम-3 जयप्रकाश, सहायक महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसी), सुजीत राउत, सहायक महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस), सत्येंद्र प्रसाद वर्मा, सहायक महाप्रबंधक (सामान्य अनुरक्षण-मैकेनिकल), कुणाल प्रसाद, वरीय प्रबंधक (आई एंड ए), रूद्र प्रताप, वरीय प्रबंधक (सिंटर प्लांट), गौरव कुमार, प्रबंधक (सी एंड ए), रूपम कुमारी, उप प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), अभिजीत आनंद, उप प्रबंधक (सीआरएम-1-2) एवं झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस से राहुल कुमार यादव, प्रबंधक (केआईओ एम-मैकेनिकल) शामिल थे। निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी पुरस्कार विजेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों को इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर बधाई दी। गौरतलब हो कि 'एग्जीक्यूटिव ऑफ द क्वार्टर अवार्ड' अधिकारियों को उत्पादन, उत्पादकता, कॉस्ट कंट्रोल और इनोवेशन से जुड़े विशिष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरुप दिया जाता है। कार्यक्रम का समन्वयन सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) अभिषेक और धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) माला रानी ने किया।

## प्रधानाध्यापकों को 'प्रशस्त ऐप' के बारे में दी गयी जानकारी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीआर सी चास के मीटिंग हॉल में शनिवार को चास संकुल के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्त ऐप की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में रिसोर्स शिक्षिका ललिता कुमारी, रीता कुमारी एवं फिजियोथैरेपिस्ट ज्योति कुमारी ने ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2010 एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दिव्यांग बच्चों की सही पहचान क्षेत्रीय स्तर पर सही तरीके से हो सके इस उद्देश्य से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली द्वारा इस ऐप को विकसित किया गया है।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**खुला डाक द्वारा जलकर बन्दोबस्ती सूची।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र सं0 114 दिनांक 18.01.1992 एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1410 दिनांक 02.06.2011 के आलोक में कोडरमा जिलाअन्तर्गत सक्षम मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के द्वारा बन्दोबस्ती का प्रस्ताव नहीं प्राप्त होने के फलस्वरूप शेष जलकरों का अल्पकालीन बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है।

इस क्रम में 10000/–रू0 से अधिक वार्षिक सुरक्षित जमा वाले कोडरमा जिलाअन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की खुली डाक द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती अपर समाहर्त्ता, कोडरमा की उपस्थिति में दिनांक 25.07.2025 को 12:30 बजे अपराहन् में उनके कार्यालय कक्ष में आरंभ की जायेगी। उक्त तिथि को यदि किसी जलकर का सफल डाक नहीं होता है तो खुल डाक की आगामी द्वितीय एवं तृतीय तिथि क्रमशः 01.08.2025 को 12:30 बजे अपराहन् एवं 11.08.2025 को 12:30 बजे अपराहन् में होगी। बन्दोबस्त किये जाने जलकरों की सूची निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता सं0 | खेसरा सं0 | कुल रकवा (एकड़ में) | वार्षिक सुरक्षित जमा (रू0 में) | बन्दोबस्ती वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | फुलवारी आहर | मरकच्चो | मरकच्चो द0 | 426 | 2937 | 2.42 | 48000/– | 2025–26 से 2027–28 तक |
| 2 | झुमरी ईस्टर्ण आहर | चाराडीह | चाराडीह | – | 588 | 8.22 | 14000/– | |

उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत पश्चात विभागीय परिपत्र सं0 114 दिनांक 18.01.1992 के अनुशरण में राजस्व राशि जमा करना होगा, जिसमें जमा की गई अग्रधन की राशि समायोजित कर ली जायेगी। राजस्व राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अग्रधन राशि जब्त कर ली जायेगी एवं भविष्य में डाक में भाग लेने से वंचित रखा जायेगा।

सफल डाक वक्ता के राजस्व राशि जमा करने एवं सक्षम प्राधिकार से बन्दोबस्ती की स्वीकृति मिलने के पश्चात बन्दोबस्ती का एकरारनामा करा कर निबंधन कराना होगा, जिसका व्यय उन्हें स्वयं वहन करना होगा। बन्दोबस्ती का एकरारनामा एवं इसका निबंधन निर्दिष्ट अवधि तक नहीं करने की स्थिति में उक्त डाक को रद्द कर जमा राजस्व राशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा पुनः डाक की प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.357144 Fish(25-26):D


## जरूरतमंदों के बीच छाता-भोजन का हुआ वितरण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरमसिया स्थित शनि मंदिर में युवा संघर्ष मोर्चा धनकावड़ी के संस्थापक दिलीप सिंह, समाजसेवी सोमनाथ सिंह एवं श्वेता किन्नर ने भगवान शनि देव की पूजा कर कोयलांचलवासिओं के कल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद जरूरतमंदों को भोजन करवाया और उनके बीच छाता का वितरण किया। इससे पहले शनि मंदिर पहुंचे समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, श्वेता किन्नर, भाजपा नेत्री बॉबी पांडे सहित अन्य सेवादारों को अंग वस्त्र ओढाकर स्वागत किया गया। दिलीप सिंह ने कहा कि भोजन वितरण एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह, श्वेता किन्नर, बॉबी पांडे सहित अन्य सहयोगियों का पूरा सहयोग रहता है।

# यातायात व्यवस्था का जायजा लेने देर रात धनबाद की सड़कों पर उतरे एसएसपी

### मचा हड़कंप, कई लोगों का कटा चालान, ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर भी कार्रवाई

**जारी रहेगा औचक निरीक्षण अभियान : एसएसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** शहर की यातायात व्यवस्था सहित अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर धनबाद के पुलिस कप्तान एसएसपी प्रभात कुमार लगातार एक्शन मोड में है। उनका प्रयास है कि धनबाद में यातायात व्यवस्था को सबसे पहले बेहतर बनाया जाए। उनका यह भी मानना है कि जहां यातायात व्यवस्था अच्छी होती है वहां अपराध नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। यही कारण है कि शुक्रवार की देर रात एसएसपी प्रभात कुमार, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ अचानक धनबाद के सड़कों पर यातायात व्यवस्था एवं उसका पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करते नजर आए। इस दौरान जब देर रात एसएसपी शहर भ्रमण पर निकले तो उनकी गाड़ी रणधीर वर्मा चौक पर सबसे पहले रुकी, जहां कई लोगों के काले शीशे को लेकर चालान भी काटा गया। इसके बाद धनबाद स्टेशन, बैंक मोड़, मटकुरिया चेक पोस्ट, सरायढेला चौक, साइबर थाना तक का निरीक्षण किया। इस दौरान देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की गई। एसएसपी ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। जो भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहें उनसे अनुरोध है कि वह इन सभी चीजों में पुलिस का सहयोग करें, ताकि बेहतर पुलिसिंग के साथ बेहतर यातायात व्यवस्था बनाई जा सके।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, कीनामाड़, लातेहार, पिन कोड-829206**

**अत्यंत अल्पकालिन**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के तहत् सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत "एग्री क्लीनिक की स्थापना" लातेहार जिला अन्तर्गत दो अनुमण्डल–लातेहार एवं महुआडॉड़ में ATIC Center में संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लीनिक का संचालन प्रखण्ड परिसर में स्थित एग्रीक्लचर टेक्नोलॉजी इन फॉरमेशन सेन्टर (ATIC)में किया जाएगा। किसानों को एग्री क्लीनिक से 12 (बारह) सेवाएँ यथा–मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सुक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधित योजनाओं एवं कृषि उपादानों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। एग्री क्लीनिक का कार्यअवधि प्रतिदिन 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक की होगी। रविवार एवं NI Act.के तहत् घोषित छुटिट्यों में एग्री क्लीनिक बंद रहेगा। एग्री क्लीनिक संचालन हेतु रू० 7,00,000.00 (सात लाख) प्रति एग्री क्लीनिक प्रति वर्ष के दर से देय होगा। एग्री क्लीनिक का संचालन महिला समुह/स्वंय सहायता समुह/कृषक समुह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएँ (NGOs) द्वारा किया जायेगा।

कार्यकारी एजेन्सी/संस्था का चयन जिला स्तर पर उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जायेगी।

इच्छुक संस्थाएँ अपना आवेदन जिला कृषि कार्यालय, लातेहार में दिनांक 23.07.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कर सकते है।

नियम एवं शर्ते :–

(क) एग्री क्लीनिक के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो/कृषि कार्यो में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव होना अनिवार्य है।

(ख) एग्री क्लीनिक के अन्तर्गत चयनित संस्थाओं द्वारा जो टीम उपलब्ध कराया जायेगा, उसमें कुल तीन सदस्य होंगे जिसमें एक कर्मी की न्यूनतम योग्यता B.Sc (Agri.) तथा दो अन्य कर्मियो की योग्यता स्नातक के साथ कम्प्यूटर दक्षता न्यूनतम (DCA) अनिवार्य है।

- एजेंसी/संस्थान का GST से संबंधित स्वअभिप्रमाणित प्रति।
- एजेंसी/संस्थान कार्यालय का पूर्ण विवरण से संबंधित शपथपत्र ।
- एजेसी/संस्थान का किसी सरकारी कार्यालय/संस्थान द्वारा काली सूची में नहीं होने संबंधित शपथपत्र।
- एजेंसी/संस्थान का कम से कम 500000/–(पॉच लाख) रू० का वार्षिक टर्न ओभर संबंधित दस्तावेज की प्रति।
- एजेंसी/संस्थानके द्वारा अनुण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य) लातेहार के नाम से रू0 2500/– (दो हजार पॉच सौ) मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट आवेदन शुल्क के रूप में जमा किया जाएगा।
- इच्छुक एजेंसी/संस्था/समूह इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्तावेज कार्यालय अवधि में जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा परियोजना निदेशक आत्मा, लातेहार के वेबसाईट www.atmalatehar.in से डाउनलोड भी कर सकते हैं। किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार (झारखण्ड) के ई–मेल latehardao@rediffmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
लातेहार

PR 357148 Agriculture (25-26)_D

# आइआइएम कलकत्ता की छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

- अदालत में पेश करने पर सात दिनों की पुलिस हिरासत
- काउंसिलिंग का झांसा देकर ब्वायज हास्टल में बुलाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** साउथ कलकत्ता लॉ कालेज के बाद अब इंडियन इंस्टीच्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) कलकत्ता के जोका कैंपस के ब्वायज हास्टल में छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में संस्थान के द्वितीय वर्ष के परमानंद जैन नामक छात्र को गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने पर उसे सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। छात्रा ने हरिदेवपुर थाने में दर्ज करायी अपनी प्राथमिकी में कथित तौर पर कहा है कि आरोपित ने उसे शुक्रवार सुबह 11.45 बजे काउंसिलिंग का झांसा देकर ब्वायज हास्टल में बुलाया। उसने उसे हास्टल के विजिटर्स बुक पर हस्ताक्षर करने नहीं दिया। हास्टल के एक कमरे में ले जाकर उसे खाने के लिए पिज्जा और नशीली दवा मिला पेय पदार्थ दिया, जिससे वह बेहोश हो गयी। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के दौरान जब उसकी बेहोशी टूटी और उसने प्रतिरोध करने की कोशिश की, तो उसे मारा-पीटा गया।



## पिता का दावा, नहीं हुआ यौन उत्पीड़न पुलिस ने जबरन दर्ज करवाई प्राथमिकी

दूसरी तरफ छात्रा के पिता ने दावा किया है कि उनकी बेटी पर किसी तरह का यौन उत्पीडन नहीं हुआ है। वह मानसिक तौर पर भी पूरी तरह से फिट है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी बेटी से जबरन प्राथमिकी दर्ज करवा कर उसमें दुष्कर्म की बात लिखवाई है। सूत्रों के हवाले से यह भी खबर है कि छात्रा ने अपना मेडिकल टेस्ट कराने व कथित दुष्कर्म के समय पहने कपड़े जांच के लिए देने से इन्कार कर दिया है। इस बीच भाजपा नेता शंकुदेव पांडा ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय शिक्षा संस्थान का नाम आने के कारण पुलिस इतनी जल्दी हरकत में आयी, जबकि आरजी कर अस्पताल में महिला डाक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या व साउथ कलकत्ता ला कालेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के समय शिथिल हो गयी थी, क्योंकि उसमें तृणमूल कांग्रेस के लोग शामिल हैं। दूसरी तरफ तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

# कर्नाटक की गोकर्ण गुफा से रूसी महिला का रेस्क्यू



- दो बेटियां भी साथ थीं, गुफा के बाहर कपड़े लटके देख कर बचाने पहुंची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**कारवाड़।** उत्तर कन्नड़ जिले के कुमता तालुक में रामतीर्थ पहाड़ियों की गोकर्ण गुफा से एक रूसी महिला और उसके दो छोटे बच्चों का रेस्क्यू किया गया। महिला की पहचान 40 साल की नीना कुटीना उर्फ मोही के रूप में हुई है। यह महिला बिजनेस वीजा पर भारत आयी थी। हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहराई से प्रभावित होकर गोवा होते हुए गोकर्ण पहुंची। उसके साथ 2 बेटियां 6 साल की प्रेया और 4 साल की अमा थी। जंगल के बीचों-बीच बनी गुफा में ये लोग 2 हफ्ते से थे। इन लोगों ने गुफा के अंदर एक साधारण घर बना लिया था। हाल ही में हुए लैंडस्लाइड के बाद रूटीन पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने गुफा के बाहर कपड़े लटके हुए देखे। अंदर पहुंचने पर टीम को महिला और बच्चे मिले। पुलिस हैरान है कि ये लोग जंगल में कैसे जिंदा रहे और उन्होंने क्या खाया। पुलिस ने इस बात पर संतोष जताया कि इनके साथ कोई दुर्घटना नहीं हुई।

### ओड़िशा में एक ही गोत्र में अफेयर करने पर सजा दी

# प्रेमी जोड़े को बैल की तरह बांध कर हल चलवाया, कोड़े मार कर गांव से निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा-रायगढ़ा।** ओड़िशा में रायगड़ा जिले के कंजामयोजी गांव में प्रेमी जोड़े के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। लड़का और लड़की के गले पर बैलों की तरह हल बांधा गया और खेत जुतवाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें कोड़े मारे और गांव से भगा दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती एक ही गोत्र के हैं। दोनों के बीच प्रेम की बात सामने आने पर आदिवासी समाज नाराज हो गया, क्योंकि एक ही गोत्र के युवक-युवती को भाई-बहन माना जाता है। इसी कारण ऐसे विवाह और प्रेम संबंधों पर रोक है। इस घटना के पहले ग्रामीणों ने देवी की पूजा की फिर दोनों के गले में हल की रस्सी बांधी और खेत जुतवाया।

**मार-मार कर गांव से भगाया :** जुताई के बाद दोनों को लाठी से मार-मार कर गांव से बेदखल कर दिया गया। दोनों कहां गये हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। थाना प्रभारी नीलकंठ बेहरा ने कहा कि घटना का पता लगा है। पुलिस टीम के साथ वे कंजामयोजी गांव में ही हैं। मामले की जांच की जा रही है।



## बैठक बुला कर सजा तय की गयी

जैसे ही दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी समाज के लोगों को लगी, तो कंजामयोजी के ग्रामीण बिफर गए। समाज की बैठक बुलायी गयी, जिसमें प्रेमी जोड़े के लिए कठोर सजा तय कर दी गयी। प्रेमी जोड़े को बैल की तरह बांध कर हल चलवाया गया। गांव की देवी की पूजा के बाद इस जोड़े को धमका कर यह काम किया गया।













































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**